डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

दैनिक
# रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 | अंक : 54 | पेज: 8 | जयपुर, शनिवार, 01 फ़रवरी 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये

## अब गांधीजी की श्रद्धांजलि सभा में ताली बजाने लगे सीएम

● नंद किशोर यादव ने संभाला मामला, बिहार में फिर सियासी उबाल

**पटना (एजेंसी)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार फिर से अजीबोगरीब हरकत के लिए चर्चा में हैं। महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उन्होंने कथित तौर पर 2 मिनट के मौन के बाद ताली बजाने लगे। तभी उनके बगल में खड़े बिहार विधानसभा के स्पीकर नंद किशोर यादव ने उन्हें ऐसा करने से रोका। यह घटना एक वायरल वीडियो में दिखाई दे रही है। सोशल मीडिया पर इस वीडियो को लेकर चर्चा हो रही है। वीडियो में दिख रहा है कि मौन धारण करने के बाद सीएम नीतिश कुमार ताली बजाने लगते हैं। तभी स्पीकर नंद किशोर यादव उन्हें इशारा करके रोकते हैं। वीडियो में दिख रहा कार्यक्रम महात्मा गांधी की पुण्यतिथि से जुड़ा हुआ प्रतीत होता है। इस वीडियो की



सच्चाई क्या है, यह अभी तक साफ नहीं है। बता दें कि इससे पहले भी 73 वर्षीय नीतिश कुमार अपने व्यवहार को लेकर चर्चा में हैं। बिहार विधानमंडल में जनसंख्या नियंत्रण पर बोलने के दौरान वह पति पत्नी के रिश्तों को लेकर कुछ ऐसी बातें बोल गए थे जिसके चलते उनकी बदनामी हुई थी। इसके अलावा लोकसभा चुनाव की रैली और चुनाव के बाद एनडीए की बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी का पैर छूने चले गए। इसके अलावा एक रैली में पीएम मोदी के नाखून में लगे वोटिंग के निशान को देखने लगे थे। अपने साथी मंत्री अशोक चौधरी के साथ माथा टकराने लगे थे। इसके अलावा महावीर को श्रद्धांजलि देने के दौरान सीएम नीतिश अशोक चौधरी के सिर पर ही फूल डालने लगे थे। विपक्षी नेता तेजस्वी यादव और प्रशांत किशोर लगातार सीएम नीतिश के व्यवहार को लेकर उन पर निशाना साधते रहे हैं। अब एक बार फिर से नीतिश कुमार ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर अजीबोगरीब हरकत की है।

## हनीप्रीत को डेरे की फुल पॉवर देगा राम रहीम

### पावर ऑफ अटॉर्नी देने की तैयारी, डेरा मुखी के सिरसा आने ही यही बड़ी वजह

**सिरसा (एजेंसी)।** राम रहीम के डेरा सच्चा सौदा के साढ़े 7 साल बाद सिरसा स्थित हेडक्वार्टर आने की बड़ी वजह सामने आई है। डेरे के टॉप सोर्सेज के मुताबिक राम रहीम डेरे की गद्दी को लेकर चल रहे विवाद के निपटारे के लिए यहां पहुंचा है। यह विवाद पहले राम रहीम के परिवार और मुख्य शिष्या हनीप्रीत के बीच चल रहा था। जिसके बाद परिवार विदेश



चला गया। अब हनीप्रीत और डेरा मैनेजमेंट कमेटी के बीच विवाद चल रहा था। सूत्रों के मुताबिक विवाद को खत्म करने के लिए राम रहीम अपनी मुख्य शिष्या और मुंहबोली बेटी हनीप्रीत को डेरे की पावर दे सकता है। इसके लिए डेरे के मैनेजमेंट से लेकर फाइनेंस वगैरह तक की पावर ऑफ अटॉर्नी हनीप्रीत को दी जा सकता है। हालांकि डेरा मैनेजमेंट फिलहाल इसकी पुष्टि नहीं कर रहा है। डेरे से जुड़े सोर्सेज के मुताबिक डेरे की गतिविधियों को लेकर किसी बात पर तुरंत फैसला लेना होता है तो उसमें काफी परेशानी होती है।

## मेला क्षेत्र नो व्हीकल जोन...मार्ग वन-वे

### *भगदड़ के बाद 4 फरवरी तक नहीं होगी वीआईपी एंट्री*

● कुंभ मेले में आने-जाने के लिए रास्ते किए गए अलग ● डीजीपी और पीएस मेला क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे

**प्रयागराज (एजेंसी)।** प्रयागराज महाकुंभ में बुधवार को हुई भगदड़ के बाद गुरुवार को भीड़ कम है। मेले में आने-जाने के रास्ते अलग कर दिए गए हैं। प्रयागराज शहर में गाड़ियों की एंट्री पर रोक है। मेला क्षेत्र को पूरी तरह से नो-व्हीकल जोन घोषित कर दिया है। यानी यहां किसी भी गाड़ी की एंट्री नहीं होगी। इसके अलावा,वीवीआईपी पास भी रद्द कर दिए गए हैं। यह नियम 4 फरवरी तक लागू रहेंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि मैं पीड़ितों से मिलने नहीं जाऊंगा। अगर मैं मिलने गया तो भाजपा राजनीति करने का आरोप लगा देगी। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा- जांच के लिए आयोग का गठन किया गया है। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करेंगे। डीजीपी प्रशांत कुमार और मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह मेला क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे हैं। वह उस जगह पर मौजूद हैं, जहां 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के अवसर पर भगदड़ मची थी। दोपहर 12 बजे तक 1.15 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। मौनी अमावस्या पर मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात को भगदड़ मच गई थी। हादसे में 35 से




40 मौतें हो गईं। सरकार की ओर से अब तक 30 मौतों की पुष्टि की गई है। वहीं, 60 घायल हुए हैं। इधर, सरकार ने 2019 में कुंभ में तैनात रहे दो अफसरों-आशीष गोयल और भानु गोस्वामी को तत्काल प्रयागराज बुलाया है, ताकि व्यवस्थाएं और बेहतर की जा सकें।

### महाकुंभ में फिर लगी आग, कई पंडाल जले

**प्रयागराज (एजेंसी)।** प्रयागराज महाकुंभ मेला में भगदड़ के एक दिन बाद गुरुवार को आग लग गई। मेला क्षेत्र के सेक्टर- 22 में कई पंडाल जल गए। फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई है। आग पर काबू पा लिया गया है। जहां आग लगी है, वहां पब्लिक नहीं थी, इसलिए जनहानि की सूचना नहीं है। सीनियर अफसर भी मौके पर पहुंच गए हैं। हालांकि, आग किस वजह से लगी। अभी तक क्लियर नहीं हो पाया है। बुधवार यानी कल मौनी अमावस्या के मौके पर भगदड़ मची थी। इसमें 40 से ज्यादा लोगों की मौत हुई। प्रशासन ने 30 मौतें स्वीकार की थी। महाकुंभ के मेला क्षेत्र में 19 जनवरी को शाम करीब साढ़े चार बजे आग लग गई थी। शास्त्री ब्रिज के पास सेक्टर 19 में गीता प्रेस के कैंप में ये आग लगी थी। गीता प्रेस के 180 कॉटेज आग में जल गए थे। महाकुंभ प्रशासन के अनुसार, गीता प्रेस की रसोई में छोटे सिलेंडर से चाय बनाते समय गैस लीक होने के कारण आग लगी थी। आग लगने से रसोई में रखे 2 गैस सिलेंडर ब्लास्ट हुए थे। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई थी। इस बार आग छतनाग घाट नागेश्वर घाट सेक्टर 22 के पास टेंट सिटी में लगी है। झूंसी की तरफ छतनाग के पास मेला के किनारे यह घाट है। प्राइवेट कंपनी की ओर से लगाए गए वैदिक टेंट सिटी में आग लगी है। अभी किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हैं।



## लैंड फॉर जॉब स्कैम, पूर्व चेयरमैन पर चलेगा केस

### तेजप्रताप स्वास्थ्य मंत्री बने तो मिली विभाग की जिम्मेदारी

**पटना (एजेंसी)।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में आज यानी (30 जनवरी) लैंड फॉर जॉब मामले में सुनवाई हुई। कोर्ट ने 2 अधिकारियों पर केस चलाने की मंजूरी दे दी है। इसमें एक पूर्व अधिकारी आरके महाजन हैं। महाजन लालू के रेल मंत्री रहते रेलवे बोर्ड में थे।



सुनवाई के दौरान स्पेशल पब्लिक प्रोसिक्यूटर डीपी सिंह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए थे। एडवोकेट मनु मिश्रा फिजिकली कोर्ट के अंदर मौजूद थे। इस मामले में अब 7 फरवरी को अगली सुनवाई होगी। इससे पहले 16 जनवरी को हुई सुनवाई टल गई थी।

## चंडीगढ़ मेयर चुनाव में बीजेपी की बल्ले-बल्ले

● क्रॉस वोटिंग में बीजेपी उम्मीदवार हरप्रीत बाबला जीतीं ● 16 पार्षद थे, 19 वोट मिले, तीन ने कर दी क्रॉस वोटिंग



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** चंडीगढ़ नगर निगम में बीजेपी की हरप्रीत बबला नई मेयर बन गई हैं। उन्होंने क्रॉस वोटिंग के बाद 2 वोटों से चुनाव जीता। भाजपा उम्मीदवार को 19 वोट मिले। वहीं, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन की उम्मीदवार प्रेम लता को 17 वोट मिले। मेयर चुनाव में भाजपा के पास सिर्फ 16 पार्षदों का समर्थन था। वहीं,एएपी के 13 और कांग्रेस के 6 के अलावा एक सांसद मनीष तिवारी समेत 20 वोट थे। एएपी+कांग्रेस गठबंधन के पास पूर्ण बहुमत था। इसके बावजूद उनकी उम्मीदवार हार गई।

## बजट सत्र से पहले सरकार ने बुलाई सर्वदलीय बैठक

● 31 जनवरी को जॉइंट सेशन में राष्ट्रपति का अभिभाषण, 1 फरवरी को पेश होगा बजट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद के बजट सत्र से पहले गुरुवार को केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। यह बैठक संसद के एनेक्सी में आयोजित की गई।

मीटिंग में आगामी केंद्रीय बजट पर केंद्र सरकार सभी दलों के साथ चर्चा की गई। संसद के बजट सत्र की शुरुआत 31 जनवरी को पार्लियामेंट के जॉइंट सेशन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से होगी और फिर अगले दिन 1 फरवरी को आम बजट पेश किया जाएगा। सोमवार से लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा शुरू हो जाएगी। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने विपक्षी नेताओं से अपील की कि वे संसद सत्र के दौरान सहयोग करें ताकि सदन में सुचारू रूप से चर्चा हो सके। बजट सत्र दो चरणों में होगा। पहला चरण 31 जनवरी से 13 फरवरी तक चलेगा। इसमें नौ बैठकें होंगी। पीएम मोदी छह फरवरी को राज्यसभा में बहस का जवाब दे सकते हैं। इसके बाद दोनों सदन 13 फरवरी तक स्थगित हो जाएंगे। सत्र का दूसरा चरण 10 मार्च को शुरू होगा जो 4 अप्रैल 2025 तक चलेगा। पेट्रोल और डीजल की कीमतें घट सकती हैं।

## ईसी बोला, केजरीवाल यमुना नदी में जहर होने का सबूत दें

### केजरीवाल बोले-चुनाव आयुक्त राजनीति कर रहे, दिल्ली से चुनाव क्यों नहीं लड़ लेते

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के बीच यमुना के पानी को लेकर अरविंद केजरीवाल और चुनाव आयोग के बीच गुरुवार को जमकर बयानबाजी हुई। चुनाव आयोग ने केजरीवाल को चिट्ठी लिखी और 5 सवाल किए। आयोग ने पूछा- यमुना के पानी में किस जगह जहर मिला, सबूत दें। अमोनिया के बढ़ते लेवल के मुद्दे को जहर आदि के आरोपों से मिलाए बिना 31 जनवरी सुबह 11 बजे तक जवाब दें, वर्ना कार्रवाई की जाएगी। इस पर अरविंद केजरीवाल ने कहा- दिल्ली में खुलेआम पैसे और चादरें बांटी जा रही हैं।



## राजस्थान में जनवरी में गर्मी, एमपी में पारा 31 डिग्री पहुंचा

### यूपी के प्रयागराज में कोहरे का अलर्ट, कश्मीर के गुलमर्ग-पहलगाम में तापमान जीरो

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजस्थान-मध्यप्रदेश समेत उत्तर भारत के 11 राज्यों में तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। राजस्थान के बाड़मेर में बुधवार को दिन का तापमान 34 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया। उदयपुर-बाड़मेर जिले में पिछले 13 साल में जनवरी में सबसे ज्यादा गर्मी पड़ रही है। उधर मध्य प्रदेश के कई शहरों में बुधवार को दिन में गर्मी का




एहसास हुआ। पारा 31 डिग्री के पार पहुंच गया। मंडला में सबसे ज्यादा 32 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, बैतूल, नर्मदापुरम, रतलाम, उज्जैन, सिवनी में पारा 31 डिग्री या इससे अधिक रहा। हालांकि यूपी में गुरुवार को ठंड रही। अयोध्या, प्रयागराज सहित कई शहरों में सुबह-सुबह कोहरा छाया रहा। वहीं अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, तमिलनाडु, पुडुचेरी में बारिश का अलर्ट है। जम्मू-कश्मीर घाटी में ठंड का कहर जारी है। चिल्लई कलां 31 जनवरी को खत्म हो रहा है।

**महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि**

## पीएम मोदी ने राजघाट जाकर दी राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि

● राहुल ने लिखा-गांधी जी व्यक्ति नहीं, भारत की आत्मा हैं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की गुरुवार को 77वीं पुण्यतिथि थी। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी समेत सभी बड़े नेताओं ने राजघाट जाकर महात्मा



गांधी को श्रद्धांजलि दी। पीएम ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- पूज्य बापू को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि। उनके आदर्श हमें एक विकसित भारत बनाने के लिए प्रेरित करते हैं। मैं देश के लिए शहीद हुए सभी लोगों को भी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और उनकी सेवा और बलिदान को याद करता हूं। राहुल गांधी ने लिखा- गांधी जी सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, वह भारत की आत्मा हैं, और हर भारतीय में आज भी जीवित हैं। खड़गे ने लिखा- बापू को श्रद्धांजलि, वे हमारे राष्ट्र के मार्गदर्शक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर लिखा- शहीद दिवस पर हम बापू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। वे हमारे राष्ट्र के मार्गदर्शक रहे। सत्य, अहिंसा और सर्वधर्म समभाव के उनके विचार हमारे मार्ग को प्रकाशित करते रहते हैं। हमें उन लोगों के खिलाफ लड़ने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए जो समानता और सभी के उत्थान के उनके आदर्शों को नष्ट करना चाहते हैं। आइए हम भारत की विविधता में एकता की रक्षा करें।

## जेपीसी चीफ ने ओम बिरला को सौंपी वक्फ कमेटी की रिपोर्ट

### बजट सत्र में हो सकता है पेश, विपक्ष नाराज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वक्फ विधेयकों पर विचार करने वाली जेपीसी ने अपनी रिपोर्ट तैयार कर ली है। करीब 655 पेज की इस रिपोर्ट को कमेटी ने पास करने के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंप दिया है। इसमें बीजेपी के सदस्यों की ओर दिए गए सुझावों को शामिल किया गया है। दूसरी तरफ विपक्षी सांसदों ने इसे असंवैधानिक करार दिया था। उनका आरोप है कि यह कदम वक्फ बोर्डों को बर्बाद कर देगा। बीजेपी सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली समिति की रिपोर्ट को 11 के मुकाबले 15 मतों से मंजूरी दे दी गई।

समिति में शामिल किए गए विपक्षी सांसदों ने इस विधेयक के सभी 44 प्रावधानों में संशोधन का प्रस्ताव रखा था। उन्होंने दावा किया था कि समिति की ओर से प्रस्तावित कानून विधेयक के 'दमनकारी' चरित्र को बरकरार रखेगा और मुस्लिमों के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप करने का प्रयास करेगा।

## पन्ना के जेके सीमेंट प्लांट में हादसा, 5 लोगों की मौत

### निर्माणाधीन छत का स्लैब गिरा, 100 से ज्यादा मजदूर मौजूद थे

**पन्ना (एजेंसी)।** पन्ना में स्थित जेके सीमेंट प्लांट में गुरुवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। प्लांट में निर्माणाधीन हिस्से में छत की स्लैब डाली जा रही थी, जहां सैकड़ों मजदूर काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक भाड़ा (स्कैफोल्डिंग) गिर गया, जिसकी चपेट में कई मजदूर आ गए। अब तक 5 मजदूरों के शव निकाले जा चुके हैं। करीब 30 मजदूर घायल बताए जा रहे हैं। 6 एम्बुलेंस घायलों को लेकर कटनी के लिए रवाना हो चुकी है। कुछ घायल मजदूरों को सतना के बिरला हॉस्पिटल भेजा गया है। एएसपी आरती सिंह ने बताया कि राहत बचाव कार्य किया जा रहा है। कई घायल मजदूरों को नजदीकी कटनी जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं, मलबे में दबे कई मजदूरों को निकालने की कोशिश की जा रही है। हादसे में तीन घंटे बाद भी प्रशासन और प्रबंधन की तरफ से कोई अधिकृत जानकारी नहीं दी जा रही है। प्लांट का मेन गेट बंद कर दिया गया है। प्लांट के अंदर केवल प्रशासन और कर्मचारियों के साथ-साथ एसडीआरएफ की टीम है।



## रॉयल पत्रिका संपादकीय

# महाकुंभ : सरकार का अहम फैसला...

प्रयागराज में इस बार के महाकुंभ में जितनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, इसकी संभावना पहले से थी। इसके समांतर सरकार की ओर से जिस पैमाने पर आयोजन और वहां की व्यवस्थाओं के बारे में प्रचार किया गया था, उसमें किसी बड़े हादसे की आशंका कम लोगों को रही होगी। मगर पिछले कुछ दिनों के भीतर वहां व्यापक पैमाने पर फैली अव्यवस्था और उसके नतीजे में दुर्घटना के उदाहरण सामने आए, वे हैरान करने वाले हैं।

वहां आम लोगों के लिए रात में टिकने से लेकर आस्था की डुबकी लगाने तक की स्थिति इतनी विकट थी कि बहुतों के लिए महाकुंभ एक दु:स्वप्न बन रहा था। इसी बीच मौनी अमावस्या के मौके पर हुई भगदड़ और उसमें कई लोगों की मौत मेले में अव्यवस्था के चरम उदाहण के रूप में सामने आई।

इस तरह की बहुस्तरीय समस्याओं की जड़ में एक बड़ा कारण यह देखा गया कि मेले में पहुंचने वाले विशिष्ट या अति विशिष्ट लोगों के लिए कुछ विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। इसका असर स्वाभाविक रूप से वहां पहुंचे आम लोगों की गतिविधियों पर पड़ा और नतीजे में एक त्रासद घटना हुई।

सरकार ने इस पक्ष पर गौर करने में कर दी देर

अब देर से सही, उत्तर प्रदेश की सरकार ने एक सख्त, लेकिन जरूरी फैसला किया है, जिसके तहत अमृत स्नान और सभी प्रमुख स्नान पर्वों के मौके पर विशिष्ट और अति विशिष्ट व्यक्तियों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस फैसले के बाद अब अमृत स्नाान के साथ-साथ प्रमुख स्नान पर्वों और इसके नजदीक की तिथियों पर प्रशासन की ओर से किसी भी तरह के 'वीआइपी प्रोटोकाल' लागू नहीं होंगे।

महाकुंभ का आयोजन एक बड़ी जिम्मेदारी

महाकुंभ की अहमियत को देखते हुए इसका आयोजन एक बड़ी जिम्मेदारी है, लेकिन इसके साथ ही ज्यादा जरूरी यह है कि इस जिम्मेदारी को व्यवस्थागत मोर्चे पर पूरी संवेदनशीलता बरतते हुए कामयाबी के साथ पूरा किया जाए। विडंबना यह है कि हमारे देश में इस तरह के धार्मिक आयोजनों में भी विशिष्ट कोटि में माने जाने वाले व्यक्तियों को जो खास महत्त्व दिया जाता है, उसमें सरकारी तंत्र को विशेष इंतजाम करने पड़ते हैं।

# 1 फरवरी को सुबह 11 बजे ही क्यों पेश होता है बजट

अंग्रेजों के समय फरवरी के आखिरी दिन शाम 5 बजे बजट पेश करने की परंपरा थी। दरअसल, भारत का समय, ब्रिटिश समय से 4 घंटे 30 मिनट आगे है। इसलिए अंग्रेज अफसरों ने अपनी सुविधा के लिए बजट पेश करने का समय शाम 5 बजे तय कर दिया था।

लोकसभा में बजट पेश होने से पहले उसे बनाने में शामिल करीब 100 अफसर और कर्मचारियों को वित्त मंत्रालय के बेसमेंट में 7 दिन के लिए ताले में बंद रखा जाता है। सभी के मोबाइल फोन ले लिए जाते हैं। इस दौरान न तो वे किसी से मिल सकते हैं और न घर जा पाते हैं। मकसद है- बजट वाले दिन यानी 1 फरवरी को वित्तमंत्री का भाषण पूरा होने तक बजट को गोपनीय रखना, ताकि कालाबाजारी और मुनाफाखोरी रोकी जा सके।

सोचिए, अगर किसी को पता चल जाए कि किसी खास इंडस्ट्री पर टैक्स कम होने वाला है तो वह भारी मात्रा में उस इंडस्ट्री से जुड़ी कंपनियों के शेयर खरीद लेगा। उधर, बजट में यह ऐलान होते ही उस इंडस्ट्री के शेयर तेजी चढ़ेंगे और वह शख्स मोटा मुनाफा कमा लेगा। वहीं आम निवेशकों से यह मौका छिन जाएगा।

अफसरों के इस लॉक-इन के दौरान वित्त मंत्रालय के बेसमेंट में लगी प्रिंटिंग प्रेस में बजट की कॉपियां छापी जाती हैं। 1950 से पहले तक बजट की कॉपियां राष्ट्रपति भवन में लगी एक सरकारी प्रेस में छपती थीं। 1950 में वित्तमंत्री जॉन मथाई के दौर में इस प्रेस से कुछ डाक्यूमेंट्स लीक हो गए। मथाई पर कुछ बड़े उद्योगपतियों की मदद का आरोप लगा। इसके बाद बजट की छपाई दिल्ली के मिंटो रोड स्थित दूसरी सरकारी प्रेस में होने लगी।



30 साल बाद 1980 में इसी प्रेस को नॉर्थ ब्लॉक यानी वित्त मंत्रालय के बेसमेंट में शिफ्ट कर दिया गया। उसी साल बजट को फाइनल करने और उसकी छपाई में शामिल स्टाफ को दो हफ्ते के लिए बेसमेंट में बंद कर दिया गया। तब से यह प्रक्रिया जारी है।

2021-22 से 'यूनियन बजट मोबाइल ऐप' पर डिजिटल बजट जारी होने लगा। इसके चलते बजट की छपी हुई कॉपियों की जरूरत बेहद कम हो गई। नतीजतन स्टाफ का लॉक-इन पीरियड भी 2 की जगह 1 सप्ताह का हो गया।

बजट पेश होने से कुछ दिन पहले खबरों में हलवे की चर्चा होने लगती है। हलवे की कढ़ाई के साथ वित्त मंत्री की तस्वीरें आने लगती हैं। दरअसल, भारत में किसी भी शुभ काम की शुरुआत मीठे से करने की परंपरा है। देश का साल भर का बजट बनाना भी शुभ काम माना जाता है। इसलिए नॉर्थ ब्लॉक की प्रेस में बजट की छपाई शुरू होने से पहले हलवा बनाया जाता है।

वित्त मंत्री अपने हाथ से स्टाफ को कढ़ाई से हलवा परोसती हैं। इस 'हलवा सेरेमनी' के तुरंत बाद स्टाफ का लॉक-इन पीरियड शुरू हो जाता है। इसलिए हलवा सेरेमनी को इन लोगों के प्रति आभार जताने का एक तरीका भी माना जाता है। इस बार 24 जनवरी को हलवा सेरेमनी हुई थी।

अंग्रेजों के समय से लेकर 2016 तक बजट फरवरी महीने के आखिरी वर्किंग डे यानी 28 फरवरी या अगर लीप ईयर है तो 29 फरवरी को पेश किया जाता था। 21 जनवरी 2017 को मोदी सरकार ने आम बजट पेश करने की तारीख 1 फरवरी कर दी। तब के वित्त मंत्री अरुण जेटली ने इसके पीछे दो वजहें बताई थीं-

1. बजट लागू करने में समय की कमी: बजट पेश करने से लेकर संसद से उसे पारित कराने और लागू करने में मई तक का समय लगता है। जेटली का कहना था कि 28 फरवरी की जगह 1 फरवरी को इसे पेश करने से बजट के नए बदलाव और नियम लागू करने के लिए ज्यादा समय मिलेगा।

2. रेलवे बजट का आम बजट में विलय: 2017 में रेल बजट का आम बजट में विलय कर दिया गया था। जेटली के मुताबिक, इसके चलते आम बजट लागू करने के लिए और ज्यादा समय चाहिए था।

अंग्रेजों के समय फरवरी के आखिरी दिन शाम को 5 बजे बजट पेश किया जाता था। जैसा हमने शुरुआत में ही बताया कि उस समय ब्रिटेन में दोपहर के 12:30 बज रहे होते थे। इससे अंग्रेज अधिकारियों को सुविधा होती थी।

साल 1999 में अटल सरकार के वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा ने सुबह 11 बजे आम बजट पेश किया। तब सिन्हा बोले थे- 'भारत अब ब्रिटिश कॉलोनी नहीं रहा, वह अपनी टाइम-टेबल खुद तय कर सकता है। इससे संसद में बजट पर चर्चा के लिए एक पूरा दिन मिल जाएगा।' तब से अब तक आम बजट सुबह 11 बजे पेश किया जाता है।

भारत में 1867 से वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से 31 मार्च तक का होता है। इसलिए बजट में भी वित्तीय वर्ष के अनुसार 1 अप्रैल से 31 मार्च तक का हिसाब-किताब रखा जाता है। वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से क्यों शुरू होता है, इसके पीछे 2 वजहें हैं-

फसल चक्र लगभग अप्रैल से शुरू होता है: भारत की अर्थव्यवस्था का 18% से 20% हिस्सा अभी भी खेती से आता है। वहीं, गेहूं जैसी रबी की बड़ी फसल की कटाई फरवरी-मार्च से शुरू होती है। ऐसे में खेती से जुड़े लोगों के पास पैसा मार्च से आना शुरू होता है। इसी हिसाब से अर्थव्यवस्था का एक बड़ा चक्र भी मार्च से शुरू होता है। यही वजह है कि भारत में वित्त वर्ष की शुरुआत 1 मार्च से होती है।

ब्रिटिश वित्तीय वर्ष भी अप्रैल से शुरू होता है: ब्रिटेन में 6 अप्रैल को नया फाइनेंशियल ईयर शुरू होता है और 5 अप्रैल को खत्म होता है। आजादी से पहले तक भारत में अंग्रेजों ने यही व्यवस्था लागू रखी थी।

2016 में पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार शंकर आचार्य की अध्यक्षता वाली एक समिति ने भारत का वित्तीय वर्ष भी 1 जनवरी से शुरू करने का सुझाव दिया था। जनवरी 2019 में भी ये चर्चा हुई कि अब वित्तीय वर्ष बदला जा सकता है, लेकिन सरकार ने अब तक इस पर कोई फैसला नहीं लिया है।

आजाद भारत का पहला बजट 26 नवंबर 1947 को भारत के पहले वित्त मंत्री आरके षनमुखम चेट्टी ने पेश किया था। वह अंग्रेजों की तरह चमड़े के भूरे रंग के ब्रीफकेस में बजट रखकर संसद पहुंचे थे। 2018 तक 'चमड़े के ब्रीफकेस की परंपरा' जारी रही।

इस परंपरा को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तोड़ा। 5 जुलाई 2019 को निर्मला पहली बार बजट को ब्रीफकेस के बजाय एक लाल रंग के कपड़े के कवर में रखकर संसद पहुंचीं।

इस कवर पर राष्ट्रीय चिह्न 'अशोक स्तंभ' बना हुआ था। तब के मुख्य आर्थिक सलाहकार कृष्णमूर्ति सुब्रमण्यन ने इस बदलाव को 'पश्चिमी गुलामी से आजादी' का प्रतीक कहा।

लाल कपड़े का इस्तेमाल भारतीय बहुसंख्यक हिंदुओं के धार्मिक अनुष्ठानों में भी होता है। कृष्णमूर्ति ने कहा, 'यह भारतीय परंपरा में है। यह बजट नहीं बही-खाता है।'

1 फरवरी 2021 को वित्त मंत्री सीतारमण ने 'पेपरलेस बजट' पेश किया था। वह लाल रंग के कपड़े के कवर में टेबलेट रखकर संसद पहुंची थीं।

कोई आम बिल राज्यसभा में भी पेश किया जा सकता है , लेकिन बजट में मामले में ऐसा नहीं है। दरअसल, भारत एक लोकतांत्रिक देश है, जिसकी लोकसभा में देश की जनता द्वारा सीधे चुने हुए प्रतिनिधि होते हैं। चूंकि सरकारी खजाने में जनता का पैसा होता है, इसलिए सरकार को टैक्स वगैरह के जरिए सरकारी खजाने में पैसा जमा करना हो या एक भी पाई निकालनी हो, इसमें लोकसभा की मंजूरी जरूरी है।

इसके लिए सरकार को लोकसभा से दो बिल पास करवाने होते हैं- खजाने में पैसा जमा के लिए फाइनेंस बिल और निकालने के लिए एप्रोप्रिएशन बिल। ये दोनों बिल पैसे से जुड़े हैं और बजट में शामिल होते हैं, इसीलिए बजट को 'मनी बिल' कहा जाता है। इसीलिए मनी बिल केवल लोकसभा में ही पेश किए जा सकते हैं।

हालांकि, बजट लोकसभा से पास होकर राज्यसभा में भी जाता है, लेकिन राज्यसभा अगर कोई बदलाव सुझाती है तो लोकसभा उसे मानने को बाध्य नहीं है। यानी किसी सरकार के पास अगर राज्यसभा में बहुमत नहीं है तो भी उसे बजट पास कराने में दिक्कत नहीं होगी।

मनी बिल केवल सरकार ही पेश करे, ये सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रपति की पहले ही अनुमति लेना जरूरी है। इसका मतलब ये है कि संसद का कोई ऐसा सांसद जो सरकार में शामिल नहीं है, वह मनी बिल या बजट पेश नहीं कर सकता।

हालांकि, राष्ट्रपति को बजट में कोई बदलाव करने का अधिकार नहीं है। उनकी भूमिका सिर्फ बजट को रिसीव करने और उसे स्वीकार करने तक सीमित है।

साल 1924 से 2016 तक रेलवे बजट, आम बजट से अलग था। इसके पीछे सरकारों के दो प्रमुख तर्क थे-

रेलवे देश का सबसे बड़ा मंत्रालय है। इसमें सबसे ज्यादा आम लोग और कर्मचारी जुड़े हैं।

देश की तरक्की, सुरक्षा और उसे एकजुट रखने के लिए रेलवे बेहद जरूरी है। इसलिए इस पर अलग से फोकस किया जाना चाहिए।

पहली बार 1924 में अंग्रेजों ने रेलवे बजट को आम बजट से अलग किया गया था। तब अक्वर्थ नाम की एक रेलवे कमेटी ने भारत में रेलवे के राष्ट्रीयकरण और अलग-अलग निजी कंपनियों को एक करने के लिए ये सिफारिश की थी।

सितंबर 2016 में मोदी सरकार ने 92 साल पुरानी ये परंपरा तोड़ दी। तब के वित्त मंत्री अरुण जेटली ने कहा था, 'रेलवे बजट आम बजट की तुलना में बहुत छोटा है। इसलिए इसे अलग से पेश करना सिर्फ एक रस्म अदा करने जैसा है।'

## सारा संसार



वैकोम मंदिर केरल के कोट्टायम में स्थित है और नवंबर के महीने में अपने वैकोम अष्टमी समारोह के दौरान इस मंदिर का महत्त्व और बढ़ जाता है। इस मंदिर का निर्माण वर्ष 1594 में किया गया था। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस मंदिर में जो शिवलिंग स्थापित है वह त्रेता युग में स्थापित की गई थी।

## बजट

डॉ. सूर्यकांत मिश्रा



# मुफ्त योजनाएं बंदकर शिक्षा व स्वास्थ्य को करें निःशुल्क

केंद्रीय बजट आज वित्त मंत्री द्वारा पेश किया जाएगा। बजट में क्या राहत मिलने वाली है, इसे लेकर सभी वर्गों में उत्साह बना रहता है । गरीबों को विशेष सुविधा देने के बड़े-बड़े वादे बजट आते ही लुप्त हो जाते हैं। सामान्य वर्ग तो हमेशा ही छला जाता रहा है। बजट में आम जनता को उसकी उम्मीद के अनुसार लाभ क्यों नहीं मिल पाता, इस पर चिंतन की जरूरत है । देश के लगभग सभी प्रदेशों में सबसे निचले तबके को लुभाने और वोट बैंक को मजबूत करने के उद्देश्य से निःशुल्क योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन्हीं योजनाओं के कारण देश की आर्थिक स्थिति बद से बदतर होती चली जा रही है। यदि देश की शीर्ष राजनीति में काबिज लोग इस बात पर चिंतन करें तो आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाता जा सकता है। लोगों की शारीरिक शक्ति को इन्हीं योजनाओं ने जंग लगाना शुरू कर दिया है। इन्हें कर्मवीर बनाने की ओर ध्यान देने की जरूरत है, ताकि फोकट का भोजन-कपड़ा, दाना-पानी पाने वाला वर्ग भी विकास में योगदान कर सके। समाज सेवा की नजर से देखा जाए तो देश की सरकार को बजट में ऐसे प्रावधान करने चाहिए जिससे न तो बेरोजगारी बढ़े और न ही लोगों को निः शुल्क योजनाओं के कारण अपनी शारीरिक शक्ति खोनी पड़े। इससे एक बड़ा लाभ यह होगा कि कल कारखानों की बंद पड़ी मशीनें फिर से घरघरा उठेंगी। प्रत्येक व्यक्ति की आय में इजाफा हो सकेगा। मानवीय जीवन की सबसे बड़ी विकास से जुड़ी सुविधा 'शिक्षा और स्वास्थ्य' को सभी वर्गों के लिए निःशुल्क घोषित कर देना चाहिए। वर्तमान में चल रही सभी निःशुल्क योजनाओं को बंद करने के बाद शिक्षा और स्वास्थ्य में लगने वाला बजट शायद हमारे लिए आसान होगा। सभी लोग शिक्षित होकर नौकरी, पेशा अथवा उद्योगपति की श्रेणी में पहुंच सकेंगे जो विकास का मजबूत आधार होगा। सवाल यह भी उठ सकता है कि उम्र के अंतिम पड़ाव में पहुंच चुके ऐसे लोगों के लिए क्या किया जाए, जिनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं है ? इस संदर्भ में देश की सरकार को विशेष नियम बनाते हुए विभाग का गठन कर उनकी जिम्मेदारी अपने कंधों पर लेना भी कोई कठिन काम नहीं होगा। देश के उद्योगपतियों और उच्च सेवा सहित व्यापारिक घरानों के अरबपतियों पर सरकार करों की दर बढ़ा भी दे तो उसे सालने वाला निर्णय नहीं माना जाना चाहिए। सभी क्षेत्रों में अनिवार्यतः शारीरिक श्रम की जरूरत पड़ती है। यह शारीरिक श्रम वर्तमान में घर बैठे सुविधाएं मिलने से बिना उत्पादन के नष्ट हो रहा है। इसे बचाने का प्रयास हर हाल में होना चाहिए। भारत का हर युवा जब खुद कमाने के लिए आगे आएगा और हर तरह के कार्य को करेगा तो दुनिया का कोई देश प्रति व्यक्ति आय के मामले में भारतवर्ष का मुकाबला नहीं कर सकेगा। जब युवा भारत एक अच्छी बजट प्रणाली के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ेगा तो किसी भी क्षेत्र में श्रमवीरों की कमी नहीं होगी और यही श्रम देश को गौरवान्वित करेगा। सभी शिक्षित होंगे तो मेहनत से ही अपनी सुविधाएं जुटाने प्रयत्न कर सकेंगे। वित्त मंत्री से यही उम्मीद है कि वे ऐसे प्रावधान बजट में बनाएं जिससे जनता की ऊर्जा में वृद्धि हो और देश के विकास में उनकी योजनाएं कारगर हो सकें ।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सच्चे भक्त के प्रति प्रेम रखते हैं भगवान



संकलित

दर्शन

क्या तुम सचमुच भगवान को चाहते हो? क्या तुम सचमुच उनके दर्शन के लिए प्यासे हो? क्या तुममें सच्ची आध्यात्मिक भूख है? ये ऐसे आवश्यक प्रश्न हैं, जिनका तुम्हें अपने जीवन में प्रतिदिन उत्तर देना चाहिए। जो भगवान के दर्शन के लिए प्यासा है, उसके मन में भगवान के प्रति प्रेम उत्पन्न होगा। उसके लिए भगवान स्वयं प्रकट होंगे। यह आपूर्ति और मांग का प्रश्न है। यदि भगवान की सच्चे मन से मांग की जाए, तो आपूर्ति तुरंत आ जाएगी। प्रह्लाद की तरह निष्ठापूर्वक प्रार्थना करो। ऋषि वाल्मीकि, संत तुकाराम और भक्त तुलसीदास की तरह भगवान का नाम जपें। गौरांग महाप्रभु की तरह कीर्तन करो। भगवान से वियोग में मीरा की तरह एकांत में रोओ। तुम्हें भगवान के दर्शन इसी क्षण हो जाएंगे। कभी अपने आप को परखें। आत्मनिरीक्षण करें और भगवान के प्रति अपने प्रेम को विकसित करें। उनसे प्रार्थना करें। उनके लिए रोएं और रोएं। उनका नाम जपें और उनका नाम गाएं। वे अवश्य ही तुम्हें अपनी कृपा से आशीर्वाद देंगे। सच्चे भक्त पर भगवान की कृपा सदैव बनी रहती है। उसे बस अपने अंदर उनकी उपस्थिति को महसूस करना होता है। जो व्यक्ति हर घटना के पीछे भगवान का हाथ पहचानता है, बड़ी-से-बड़ी असफलताओं के बावजूद शांत रहता है और जो शांत रहता है, वही अंत में सफल होता है। भगवान हमेशा सच्चे भक्त के प्रति प्रेम रखते हैं। हमारे प्रति उनके असीम प्रेम के कारण ही जीवन जीने योग्य है।

# अपनी इच्छाओं का दमन नहीं शमन करें



संकलित

प्रेरणा

जब आप इच्छा का निरीक्षण करते हैं, तब क्या आप किसी अजनबी की तरह उसे देखते हैं? या इच्छा उठने के साथ ही उसका निरीक्षण करते चलते हैं? ऐसा नहीं कि इच्छा करनेवाले व्यक्ति की इच्छा अलग है; इच्छा करनेवाला ही स्वयं इच्छा है। इच्छा हमारे जीवन की एक अत्यावश्यक प्राणभूत प्रेरणा है। हम इच्छा मात्र की बात कर रहे हैं, किसी विशिष्ट चीज को पाने की इच्छा के बारे में नहीं। सारे धर्मों ने कहा है कि यदि आप भगवान को पाना चाहते हैं तो इच्छा को वश में करना होगा, इच्छा को नष्ट करना होगा, इच्छा को नियंत्रित करना होगा। सारे धर्मों ने कहा है इच्छा के स्थान पर विचार द्वारा बनाई किसी प्रतिमा की स्थापना करो, यानी वास्तविक के स्थान पर काल्पनिक की स्थापना। इच्छा वास्तविक है, ज्वलंत है और लोग समझते हैं कि उसके स्थान पर किसी दूसरी चीज की स्थापना करने से उस पर काबू पा लिया जाएगा। या फिर आप उस व्यक्ति की शरण में चले जाते हैं, जिसे आप महात्मा, परमात्मा, गुरु मानते हैं। और ये सब विचार के ही क्रिया-कलाप हैं। सारे धार्मिक चिंतन का यही ढांचा रहा है। इच्छा की समग्र गतिविधि को समझना हमारे लिए आवश्यक है, क्योंकि स्पष्ट है कि वह न तो प्रेम है और न ही करुणा। प्रेम और करुणा की अपनी स्वयं की एक प्रज्ञा होती है; वह धूर्त विचार की बुद्धिमत्ता नहीं होती। अत इच्छा का स्वरूप क्या है तथा इच्छा हमारे जीवन में इतनी असाधारण भूमिका क्यों निभाती रही है, यह समझ लेना महत्वपूर्ण है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आज के समय में सनातन बोर्ड बेहद जरूरी

मीडिया की मानें तो दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समागम महाकुंभ में एक नया मोड़ आ गया है। यहां पहुंचे संतों और महंतों ने एक साथ मिलकर सरकार से सनातन बोर्ड बनाने और वक्फ बोर्ड को खत्म करने की मांग कर दी। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी के नेतृत्व में संतों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से यह मांग रखी। उन्होंने कहा कि वे महाकुंभ छोड़कर तब तक नहीं जाएंगे जब तक सरकार उनकी मांग नहीं मानती। कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर, जूना अखाड़े के महंत स्वामी यतीन्द्रानंद गिरि, आनंद अखाड़े के पीठाधीश्वर स्वामी बालकानंद गिरि आदि सभी ने एक स्वर में सनातन बोर्ड गठन के पक्ष में अपनी आवाज बुलंद की। अब सरकार के फैसले का इंतजार है। - सागर

## करंट अफेयर

# गाजा के पुनर्निर्माण में लग सकते हैं कई दशक

गाजा में एक साल से भी ज्यादा समय तक चली जंग अब थम चुकी है। इस जंग में ना सिर्फ गाजा की बड़ी आबादी मिट गई बल्कि शहर के शहर तबाह हो गए। गाजा के अधिकारियों के मुताबिक इस जंग में 45 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। वहीं यहां की 90 प्रतिशत आबादी को अपना घर छोड़कर जाना पड़ा।



युद्धविराम की घोषणा के बाद लोग वापस गाजा के उत्तरी इलाकों में लौटने लगे हैं लेकिन वहां उन्हें मलबे के अलावा कुछ नजर नहीं आ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मिडिल ईस्ट के दूत स्टीव विटकॉफ ने बीते दिनों गाजा का दौरा किया। दौरे के बारे में बात करते हुए उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया है कि गाजा में लगभग सब कुछ खत्म हो चुका है और युद्ध से तबाह हुए इस इलाके के पुनर्निर्माण में 10 से 15 साल लग सकते हैं। विटकॉफ ने एक्सियोस वेबसाइट को बताया, हम पांच सालों में गाजा के पुनर्निर्माण के लिए एक ठोस योजना बना सकते हैं। लेकिन यह असंभव है। इसमें 10 से 15 साल लग सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, वहां कुछ भी नहीं बचा है। वहां चलना भी सुरक्षित नहीं है। यह बहुत खतरनाक है। मैं वहां जाकर निरीक्षण किए बिना यह नहीं जान पाता। विटकॉफ ने गाजा का दौरा करने के बाद बताया, लोग अपने घरों की ओर जा रहे हैं। वहां न तो पानी है और न ही बिजली।

## ऑफ बीट

# मनोकामना पूर्ण होने पर भूमिया देव को चढ़ाते हैं घंटियां

मासी का भूमिया मंदिर काफी प्राचीन है। यह मंदिर रामगंगा नदी के तट पर स्थित है। भूमिया देव इस पूरे क्षेत्र के रक्षक हैं। इस क्षेत्र में कोई भी शुभ कार्य होता है तो उसके लिए भूमिया देव का आशीर्वाद जरूर लिया जाता है।



मनोकामना पूरी होने पर लोग यहां पर घंटियां भी चढ़ाते हैं। यहां तक कि मासी सडक से निकलने वाली सारी गाड़ियां बिना भूमिया देव को भेंट चढ़ाए आगे नहीं बढ़ती हैं। ऐसी भी मान्यता है कि इस मंदिर में दर्शन करने से भूत-प्रेत की बाधा भी दूर हो जाती है। इस मंदिर परिसर में अन्य देवी-देवताओं के भी मंदिर हैं, जिनमें भगवान गणेश जी, भगवान शिवजी और माता की मूर्तियां स्थित हैं। यह मंदिर भूमिया देवता का है और अल्मोड़ा जिले के मासी में स्थित है। रामनगर से मासी भूमिया मंदिर 100 किलोमीटर दूर है। चौखुटिया से इस मंदिर की दूरी करीब 13 किलोमीटर है। ऐसी भी मान्यता है कि इस मंदिर में दर्शन करने से भूत-प्रेत की बाधा भी दूर हो जाती है। इस मंदिर परिसर में अन्य देवी और देवताओं के भी मंदिर है, जिनमें गणेश जी, शिवजी और माता की मूर्तियां स्थित हैं। भूमिया देव को क्षेत्रपाल देवता के नाम से भी जाना जाता है। ये गांव, पशु और खेती के देव होते हैं, जिनकी पहाड़ों में बेहद मान्यता है। इस मंदिर की स्थापना कब हुई और यहां पूजा कब से हुई यह ठीक-ठीक बताना मुश्किल है, लेकिन इस मंदिर को काफी प्राचीन बताया जाता है।

## ट्रेंड

### 'बेचारी' का उपयोग



पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा राष्ट्रपति को संदर्भित करने के लिए "बेचारी" वाक्यांश का उपयोग बेहद अपमानजनक है और सर्वोच्च संवैधानिक कार्यालय की गरिमा के लिए विपक्ष की निरंतर उपेक्षा को रेखांकित करता है।

-जे.पी. नड्डा, भाजपा अध्यक्ष

### ज़हरीला पानी बंद



दिल्लीवासियों को बहुत-बहुत बधाई। दिल्ली में जो ज़हरीला पानी भेजा जा रहा था, वो अब बंद हो गया। अगर हम आवाज नहीं उठाते और संघर्ष नहीं करते, तो आज दिल्ली की आधी आबादी को पानी नहीं मिल रहा होता। हमने दिल्ली को बहुत बड़े पानी के संकट से बचा लिया।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### अब होगा विकास



अब बहाने नहीं, सिर्फ विकास होगा! सत्ता भोगी 'आप' ने जनता को केवल झूठे वादों और बहानों से बहलाया, जबकि दिल्ली पानी के लिए तरसती रही, बारिश में डूबती रही, और बुनियादी सुविधाएँ बदहाल होती रहीं।

-बांसुरी स्वराज, भाजपा सांसद

### प्रकृति की 'उड़ानें' सर्वोच्च



गरुड़ दस्ते का एक बाज, दुष्ट ड्रोनों का पीछा करने और उन्हें जाल में फंसाने के लिए प्रशिक्षित है। शायद यह हमें बताता है कि भले ही हम ऊंची उड़ान भरने में मदद के लिए नई तकनीकें विकसित कर रहे हैं, फिर भी प्रकृति की 'उड़ानें' सर्वोच्च रहेंगी !

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

रॉयल पत्रिका

# हाईकोर्ट एलडीसी परीक्षा में नकल, गैंग में ENT एक्सपर्ट भी

## - कानों में फिट किए थे माइक्रो ब्लूटूथ
## - सिक्योरिटी एजेंसियां लेती हैं यूज़

**जयपुर (रॉयल पत्रिका)** । हाईकोर्ट LDC भर्ती परीक्षा-2022 में जिस पेपर लीक गैंग ने नकल करवाई, उसमें ENT एक्सपर्ट भी शामिल हैं। जिस माइक्रो स्पाई ईयर पीस ब्लूटूथ से अभ्यर्थियों ने नकल की है। वह ईएनटी डॉक्टर की सहायता के बिना कान में न तो फिट हो सकते और न ही बाहर निकाले जा सकते हैं। SOG का मानना है कि ENT डॉक्टर या मेडिकल एक्सपर्ट भी सरगना पौरव कालेर गैंग से जुड़े हुए हैं। एक्सपर्ट ने ही परीक्षा से पहले अभ्यर्थियों के कानों में माइक्रो ब्लूटूथ फिट किए थे। मामले में एसओजी पौरव कालेर को जयपुर सेंट्रल जेल से रिमांड पर ले रही है। उसी से खुलासा होगा कि परीक्षा से पहले पेपर कहां से लीक हुआ था और गिरोह में कौन और कितने मेडिकल एक्सपर्ट शामिल हैं।


राकेश सुरेश बीरबल उमेश तंवर

**9 आरोपी 6 फरवरी तक रिमांड पर :-** SOG ने एलडीसी परीक्षा नकल मामले में गिरफ्तार 9 कर्मचारियों को गुरुवार (30 जनवरी) को कोर्ट में पेश किया। जहां से सभी को 6 फरवरी तक रिमांड पर भेज दिया गया। एसओजी ने बुधवार (29 जनवरी) को नकल कर नौकरी हासिल करने वाले 9 एलडीसी को गिरफ्तार किया था। अधिशासी अधिकारी (EO) और राजस्व अधिकारी (RO) भर्ती परीक्षा-2022 में पेपर लीक मामले में जेल में बंद आरोपी पौरव कालेर ने पूछताछ में खुलासा किया था कि उसके गिरोह ने फर्जी तरीके से हाईकोर्ट एलडीसी परीक्षा का प्रश्न-पत्र प्राप्त कर ब्लूटूथ से अभ्यर्थियों को हल करवाया था।

**कहां पोस्टेड थे आरोपी :-** मामले में SOG ने द्रोपदी सिहाग (बीकानेर), सुनीता (श्रीगंगानगर), उमेश तंवर (बीकानेर), सुमन भुखर (हनुमानगढ़), बीरबल जाखड़ (नागौर), सुरेश (नागौर), राकेश कस्वा (बीकानेर), विभीषण व रामलाल (नागौर) को पकड़ा था। इनमें द्रोपदी सिहाग कनिष्ठ सहायक न्यायिक मजिस्ट्रेट बाली (पाली) में पोस्टेड है। सुनीता एसीजेएम कोर्ट सरदारशहर (चूरू), उमेश तंवर जेएम कोर्ट सुजानगढ़ (चूरू), सुरेश न्यायिक मजिस्ट्रेट दक्षिण उदयपुर में पदस्थापित है। राकेश कस्वा सीजेएम कोर्ट उदयपुर और रामलाल एसीजेएम कोर्ट गुलाबपुरा (भीलवाड़ा) में पोस्टेड है।

**2 साल पहले हुई थी परीक्षा :-** हाईकोर्ट LDC भर्ती परीक्षा-2022 साल 2023 में 12 और 19 मार्च को दोपहर 12 से 2 बजे तक हुई थी। राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर की ओर से आयोजित परीक्षा का परिणाम 11 जून 2023 को जारी किया गया था। यह परीक्षा 2800 से ज्यादा पदों के लिए आयोजित की गई थी।

**परीक्षा केंद्रों से 200 किलोमीटर दूर बैठकर नकल करवाई :-** हाईकोर्ट LDC भर्ती परीक्षा-2022 के दौरान पौरव कालेर गैंग ने परीक्षा केंद्रों से 200 किलोमीटर दूर सालासर (चूरू) में बैठकर नकल करवाई थी। इसके 2 कारण थे।

**पहला-** नकल गिरोह का मानना था कि धार्मिक स्थल होने से किसी को शक नहीं होगा और कोई पकड़ा भी नहीं जाएगा।

**दूसरा-** अधिकतर अजमेर और बीकानेर के अभ्यर्थियों को ही नकल करवानी थी। उनके बीच का सेंटर पॉइंट सालासर ही पड़ता था।

डिवाइस का आकार मक्खी जैसा, कोई नहीं पकड़ पाया SOG के अनुसार, माइक्रो स्पाई ईयर पीस एक छोटा वायरलेस डिवाइस है। इसका आकार मक्खी जैसा होने से आसानी से दिखाई नहीं देता। यह ब्लूटूथ से मोबाइल से जुड़ता है। इसका इस्तेमाल गुप्तचर एजेंसियों और टेलीकॉम सेक्टर में होता है।

**ब्लूटूथ से नकल करने के सबूत मिले :-** अभ्यर्थियों को माइक्रो ब्लूटूथ से परीक्षा केंद्रों पर नकल करवाई गई थी। ये ब्लूटूथ कान के अंदर होने के कारण बाहर से दिखाई नहीं दे रहे थे। एसओजी के तकनीकी विश्लेषण में पाया कि 21 अभ्यर्थियों में से 16 को पौरव कालेर गिरोह ने नकल करवाई थी। 5 अन्य परीक्षार्थियों को भी संदिग्ध माना गया है। साथ ही 18 संदिग्ध परीक्षार्थियों के भी ब्लूटूथ से नकल करने के सबूत मिले हैं।

**पटवारी भर्ती परीक्षा में भी पौरव का नाम आया था सामने :-** पटवारी भर्ती परीक्षा-2021 में नकल गैंग चलाने वाले पौरव का नाम सामने आने के बाद उसे गिरफ्तार किया गया था। पौरव के चाचा तुलछाराम कालेर और पत्नी भावना गोस्वामी को REET में ब्लूटूथ लगी चप्पल से नकल के मामले में गिरफ्तार किए जा चुके हैं। पौरव ने बताया था कि वह राजाराम बिश्नोई के साथ मिलकर यह काम करता था। अभ्यर्थी राजाराम बिश्नोई भर्ती परीक्षाओं में कैंडिडेट्स की लिस्ट जुटाकर उनमें से नकल के इच्छुक युवाओं को ढूंढता था। पौरव को नकल करवाने का सौदा 5 से 7 लाख रुपए में तय करता था। राजाराम नकल गिरोह संचालन करने की जानकारियां पौरव से लेता था। इस नकल गिरोह का एक सक्रिय सदस्य बाबूलाल मूण्ड परीक्षार्थियों को चिह्नित करता था और नकल गिरोह सरगना पौरव से अभ्यर्थी को मिलवा देता था। पेपर का सौदा बड़ी रकम में तय करते और परीक्षा से 2 दिन पहले अपने गुप्त स्थान पर बुलाकर ट्रेनिंग देते थे। इस दौरान बताते थे कि इलेक्ट्रिक उपकरणों का उपयोग कैसे करना है?

# जेडीए की बड़ी कार्रवाई: जोन-13 में 10 बीघा भूमि पर बनी तीन अवैध कॉलोनियां ध्वस्त



**जयपुर (रॉयल पत्रिका)**। जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने जोन-13 में करीब 10 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर विकसित तीन नई अवैध कॉलोनियों को प्रारंभिक स्तर पर ही ध्वस्त कर दिया।

तीन अवैध कॉलोनियों को किया गया ध्वस्त

महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चंद्र विश्नोई के अनुसार, जेडीए को सूचना मिली थी कि जोन-13 के हरध्यानपुरा, जयपुर में बिना स्वीकृति और भू-रूपांतरण के अवैध रूप से नई कॉलोनियां बसाने का प्रयास किया जा रहा है।

माधव नगर (2 बीघा भूमि):
बिना स्वीकृति के भूमि समतल कर बनाई गई सड़कें और अन्य अवैध निर्माण ध्वस्त।

पार्वती नगर (4 बीघा भूमि):
रातों-रात बनाई गई सड़कें, बाउंड्रीवाल और अन्य निर्माण तोड़े गए।

गोवर्धन धाम (4 बीघा भूमि):
मिट्टी-ग्रेवल सड़कें और अन्य अवैध निर्माण हटाए गए।

जेडीए की राजस्व और तकनीकी टीम की निशानदेही पर प्रवर्तन दस्ते ने जेसीबी मशीन और मजदूरों की मदद से इन कॉलोनियों को पूरी तरह नष्ट कर दिया।

मुख्य अधिकारियों की देखरेख में हुई कार्रवाई यह कार्यवाही मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में की गई। इसके अलावा, उपनियंत्रक प्रवर्तन-द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-13, राजस्व और तकनीकी स्टाफ की निगरानी में अवैध कॉलोनियों को हटाया गया। 2024-25 में 417 अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया गया जेडीए के प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा वर्ष 2024 में 383 और 2025 में अब तक 34 अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया जा चुका है। कुल मिलाकर, 417 अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयासों को विफल किया गया है।

# महात्मा राजस्थान उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार से मांगा जवाब




**जयपुर(रॉयल पत्रिका)**। राजस्थान उच्च न्यायालय ने ग्रेच्युटी से अनुचित कटौती, उपार्जित अवकाश के बदले वेतन रोके जाने और वेतन निर्धारण (पे फिक्सेशन) को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई के बाद राज्य सरकार, निदेशक माध्यमिक शिक्षा, प्रबंध समिति श्री महिला विद्यापीठ भुसावर, तथा जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय), माध्यमिक शिक्षा भरतपुर से जवाब तलब किया है। याचिकाकर्ता हरिश्चंद्र दीक्षित की नियुक्ति एक अनुदानित संस्थान में हुई थी, जिसे 2011 में राज्य सरकार में समायोजित कर लिया गया। परंतु, उन्हें राज्य सरकार में अर्जित उपार्जित अवकाश का वेतन यह कहते हुए नहीं दिया गया कि उन्होंने 300 से अधिक उपार्जित अवकाश अनुदानित संस्था में अर्जित कर लिए थे। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता डी.पी. शर्मा ने दलील दी कि राजस्थान वॉलंटरी और एजुकेशन सर्विस रूल्स 2010 के अनुसार अनुदानित संस्थानों में अर्जित उपार्जित अवकाश को जोड़ने से रोका गया था, इसलिए उनके मुवक्किल को राज्य सरकार में अर्जित उपार्जित अवकाश प्राप्त करने का पूरा अधिकार है। इसके अलावा, अधिवक्ता ने यह भी तर्क दिया कि ग्रेच्युटी के लिए 33 वर्ष की अधिकतम सेवा सीमा समायोजित कर्मचारियों पर लागू नहीं होती, क्योंकि इन नियमों के तहत अनुदानित संस्था में की गई सेवा को जोड़ने से रोका गया है। अधिवक्ता ने यह भी बताया कि 5 अप्रैल 2007 के आदेश को उच्च न्यायालय ने अवमाननाकरक मानते हुए वापस लेने का निर्देश दिया था। ऐसे में इस आदेश के तहत वेतन निर्धारण करना न्यायालय की अवमानना होगा। याचिका पर सुनवाई के पश्चात न्यायमूर्ति अनूप कुमार की एकल पीठ ने राज्य सरकार व अन्य संबंधित विभागों से जवाब तलब किया है।

## जयपुर में मेट्रो ट्रेन के सफर का आनंद लेना हुआ 'महंगा', जानें कितना बढ़ गया किराया

जयपुर(रॉयल पत्रिका)। राजधानी जयपुर में मेट्रो ट्रेन में सफर करना अब महंगा हो गया है. जयपुर मेट्रो ने अपने किराये में बढ़ोतरी का ऐलान कर दिया है। अब जयपुर में मेट्रो ट्रेन का न्यूनतम किराया 10 रुपये होगा. दो स्टॉपेज के बीच का न्यूनतम किराया पहले के मुकाबले अब लगभग दोगुना हो गया है. हालांकि स्मार्ट कार्ड से यात्रा करने पर यात्रियों को 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी. फिलहाल जयपुर में लोग मेट्रो की बजाय सिटी बस में सफर करना ज्यादा मुनासिब समझते हैं. इसके पीछे वजह मेट्रो का सीमित इलाके में संचालन होना है.मेट्रो में प्रतिदिन औसतन 60 हजार लोग सफर करते हैं. यह बढ़ोतरी 31 जनवरी से लागू हो गई है। जयपुर मेट्रो प्रबंधन के अनुसार पहले यात्री को 2 स्टेशनों के बीच किराया 6 रुपये चुकाना होता था. उसे बढ़ाकर अब 10 रुपये कर दिया गया है. अब 3 स्टेशन से 5 स्टेशन के बीच यात्री को 15 रुपये देने पड़ेंगे. वहीं 6 स्टेशन से 8 स्टेशन के बीच का किराया 25 रुपये कर दिया गया है. मेट्रो से जयपुर में सबसे लंबा सफर करने पर यात्री को 30 रुपये# चुकाने होंगे. मानसरोवर मेट्रो स्टेशन से छोटी चौपड़ और बड़ी चौपड़ तक के सफर के लिए यात्री को 30 रुपये देने पड़ेंगे। जयपुर में पब्लिक मेट्रो ट्रेन से सफर कम करती है अन्य मेट्रो सिटी की तरह जयपुर में मेट्रो का सफर काफी सस्ता है. महज दस से 15 रुपये में यात्री छोटी दूरी की तय कर सकता है. यह दीगर बात है कि अभी जयपुर में पब्लिक मेट्रो ट्रेन से सफर कम करती है. इसकी एक वजह यह भी कि जयपुर में अभी तक मेट्रो ट्रेन सीमित इलाके में ही संचालित होती है. लिहाजा कुछ इलाकों के लोग ही इसका उपयोग करते हैं. इसके चलते मेट्रो में यात्रियों के बीच किसी तरह की कोई मारमारी नहीं है.

# फर्जी डिग्री से नौकरी मिली, अब 134 PTI बर्खास्त, वेतन की वसूली करेगी राजस्थान सरकार

जयपुर(रॉयल पत्रिका)। फर्जी डिग्री डिप्लोमा से सरकारी नौकरी प्राप्त करने वालों के खिलाफ राजस्थान सरकार ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। सरकार ने 134 शारीरिक शिक्षकों को सरकारी सेवा से बर्खास्त कर दिया है। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से फर्जी दस्तावेज वाले अभ्यर्थियों की एक सूची राज्य सरकार को भेजी थी। तमाम पहलुओं पर गहन अध्ययन करने के बाद राज्य सरकार ने फर्जी डिग्री डिप्लोमा वाले शारीरिक शिक्षकों (पीटीआई) को नौकरी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बाकायदा प्रेस कॉन्फ्रेंस करके सरकार के इस फैसले की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि बोर्ड की सिफारिश के बाद सरकार ने यह कदम उठाया है। सरकार ऐसे किसी भी व्यक्ति को नौकरी में नहीं रखेगी जो फर्जीवाड़ा करके सरकारी सेवा में आए हो। अभी भी 100 से ज्यादा शारीरिक शिक्षक ऐसे हैं जिनके दस्तावेजों की जांच चल रही है। आगामी दिनों में उन्हें भी नौकरी से बाहर का रास्ता दिखाया जाना तय माना जा रहा है।



गहलोत राज में हुई थी पीटीआई भर्ती 2022

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय पीटीआई भर्ती 2022 का आयोजन हुआ था। इस भर्ती में बड़े स्तर पर फर्जीवाड़ा होने की शिकायतें सामने आई। दिसंबर 2023 में जब प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी तो पेपर लीक और नकल जैसे मामलों की जांच के लिए एसओजी के अधीन एक एसआईटी का गठन किया गया था। इस एसआईटी ने कई प्रतियोगिता परीक्षाओं की जांच की जिसमें पीटीआई भर्ती 2022 भी शामिल थी। एसओजी की जांच में बड़े स्तर पर फर्जी डिग्री डिप्लोमा के जरिए नौकरी में चयन पाने की जानकारी सामने आई। इसके बाद एसओजी ने मामले की पूरी जांच करके अपनी रिपोर्ट चयन बोर्ड को भेजी। चयन बोर्ड ने कुल 244 पीटीआई की सूची राज्य सरकार को भेजी जिन्होंने फर्जी दस्तावेजों के जरिए नौकरी पाई थी। ऐसे पीटीआई को अब सरकार ने घर का रास्ता दिखा दिया है।

5 कर्मचारी भी बर्खास्त, 33 पीटीआई लाए स्टे

फर्जी डिग्री डिप्लोमा के जरिए नौकरी पाने वाले पीटीआई के साथ सरकार ने 5 सरकारी कर्मचारियों को भी नौकरी से बर्खास्त किया जो इस प्रकरण में लिप्त पाए गए थे। कई कर्मचारी भी पेपर लीक मामले में लिप्त पाए गए थे। ऐसे करीब 30 कर्मचारियों को निलंबित भी किया गया है। उनके खिलाफ जांच की जा रही है। 33 पीटीआई ऐसे भी हैं जो कोर्ट से स्टे लेकर आ गए हैं। उनके खिलाफ राज्य सरकार (शिक्षा विभाग) कानूनी लड़ाई लड़ेगा।

## सुनील शर्मा मंडल अध्यक्ष सांगानेर का गणतंत्र दिवस पर किया सम्मान



जयपुर(रॉयल पत्रिका )। सांगानेर तक्षशिला इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदरामपुरा में 76 वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम कर सबके दिल जीत लिए। इस अवसर पर भारतीय भाजपा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष सुनील शर्मा का विद्यालय के निदेशक रामलाल चौधरी ने साफा माला पहनाकर एवं शील्ड प्रदान कर स्वागत सत्कार किया गया।

# महाकुंभ भगदड़ के पीछे साजिश की आशंका, जांच में सच्चाई आएगी सामने : किरोड़ी लाल मीणा



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में भगदड़ की घटना पर राजस्थान सरकार में मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि जब सब कुछ ठीक चल रहा था, तो अचानक यह घटना कैसे हो गई। मुझे लगता है कि इसके पीछे कहीं न कहीं साजिश है। न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, 'हमें भी लगता है कि जब सब कुछ ठीक चल रहा था, तो अचानक ये कैसे हो गया। विपक्ष और दूसरे देशों के लोग इस बात से खुश नहीं थे कि यह आयोजन इतना भव्य कैसे हो रहा है। सब कुछ ठीक चल रहा था। फिर इस तरह की घटना हो जाती है। कुछ न कुछ साजिश है। जांच होनी चाहिए। उत्तर प्रदेश सरकार ने जांच के आदेश दे दिए हैं। जांच में घटना की सच्चाई सामने आ जाएगी। कुंभ में मौनी अमावस्या पर हुई भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 90 से ज्यादा घायल हो गए। मृतकों के परिजनों के लिए राज्य सरकार द्वारा 25-25 लाख रुपये के मुआवजे का ऐलान किया गया है। वहीं, भगदड़ में घायल हुए श्रद्धालुओं का इलाज किया जा रहा है। राजस्थान में सूर्य नमस्कार पर विपक्ष के हंगामे पर किरोड़ी लाल मीणा ने कहा, "सूर्य पूरे विश्व को प्रकाश प्रदान करता है और जीवन में प्रकाश लाता है। हमें ऊर्जा देता है। सूर्य को नमस्कार करने और योगाभ्यास करने से लाभ प्राप्त किया जा सकता है। इसका विरोध करने वाले लोग सनातनी परंपरा का मखौल उड़ा रहे हैं। पीएम मोदी के फिट इंडिया वाले बयान पर उन्होंने कहा कि मोदी जी ने जो कहा, वह सही कहा है। हम रोज फैटी एसिड खा रहे हैं, इससे बीमारियां बढ़ रही हैं। मोदी जी ने जितना कहा है, उससे ज्यादा आपको फिट रहने के लिए मेहनत करनी चाहिए, योग करना चाहिए, एक्सरसाइज करनी चाहिए।

# जयपुर से बरामद हुई अकबर के वक्त लिखी गई कुरान, बांग्लादेश में 16 करोड़ में तय हुआ था सौदा



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। मुगल काल में स्वर्ण अक्षरों से लिखी गई बेशकीमती कुरान को खरीदने के बहाने लूटने वाली गैंग के एक सरगना को गुरूवार को शहर की माणकचौक थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। ये कुरान अकबर के वक़्त लिखी गयी थी। बदमाशों ने कुरान को लूटने की वारदात भीलवाड़ा में की थी। इसके बाद इस गैंग ने बांग्लादेश के किसी धनी व्यक्ति से कुरान का सौदा 16 करोड़ रूपए में कर लिया था। लेकिन सौदा पूरा होने से पहले ही पुलिस ने वहां गैंग के एक साथी को गिरफ्तार कर लिया था। डीसीपी (नार्थ) डॉ. राजीव पचार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी जमवारामगढ़ के राहोरी गांव निवासी बनवारी मीणा है। इसके कब्जे से लूटी गई 1014 पेज की कुरान बरामद कर ली। आरोपी बनवारी, जयपुर ग्रामीण के चंदवाजी थाना, भीलवाड़ा जिले के सुभाष नगर इलाकों में डकैती, चोरी व धोखाधड़ी के आपराधिक मुकदमों में वांटेड चल रहा था। इससे पहले इस गैंग के तीन बदमाश पुलिस गिरफ्त में आ चुके है।

# राजस्थान विधानसभा में बजट सत्र का आगाज, राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान हुआ हंगामा

जयपुर(रॉयल पत्रिका)। राजस्थान विधानसभा में बजट सत्र का आगाज हो गया है. राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान हंगामा हुआ. अभिभाषण के बीच में गोविंद सिंह डोटासरा ने अमृत योजना में आदिवासी बेल्ट में पानी नहीं मिलने के मुद्दे को उठाया तो राज्यपाल ने उन्हें जवाब दिया. आमतौर पर राज्यपाल-विधायक में बहस नहीं होती है. राज्यपाल ने मोदी सरकार के नेतृत्व की सराहना करते हुए देश में हुए बदलाव की चर्चा की. राजस्थान सरकार के कामकाज की अभिभाषण में की तारीफ करते हुएराइजिंग राजस्थान को राजस्थान के आर्थिक तंत्र में मील का पत्थर बताया. मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार के एक साल के कामकाज को सराहा. राज्यपाल ने पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल पर सवाल उठाए. उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन घोटाल से राजस्थान की साख खराब हुई. ERCP परियोजना में विलंब के लिए कांग्रेस सरकार जिम्मेदार रही. राज्यपाल ने वसुंधरा राजे का भी जिक्र करते हुए कहा कि वसुंधरा राजे के नेतृत्व वाली सरकार के समय परियोजना शुरू हुई थी. पिछली सरकार के समय राजनीतिक लाभ के कारण परियोजना को अटकाया गया. हमारी सरकार ने इसे राम जल सेतु परियोजना का नाम दिया है. मध्य प्रदेश के साथ इस परियोजना को लेकर एमओयू किया गया है. कोटा जिले में नौनेरा बांध का निर्माण अक्टूबर 2024 में पूरा कर लिया है. यह PKC परियोजना की दिशा में नींव का पत्थर साबित हुआ है.



राजस्थान में औद्योगिक विकास का भाग्योदय होगा :- हरिभाऊ बागडे ने कहा कि राजस्थान में औद्योगिक विकास का भाग्योदय होगा. युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे. निवेश प्रस्तावों को धरा पर लाने के लिए हम संकल्पित हैं. हमारी सरकार वादों पर नहीं काम पर विश्वास करती है. ERCP प्रोजेक्ट महत्वाकांक्षी योजना है जो पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के समय शुरू हुई. इसे राम जल सेतु के तौर पर धरातल पर क्रियान्वित किया जा रहा हैं. जीवनदायिनी नदियों के जल को पीएम मोदी ने राम जल कलश में प्रवाहित किया गया है.#

राजस्थान सरकार मध्यप्रदेश सरकार के प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने पर संकल्पित है:- राज्यपाल ने कहा कि राजस्थान सरकार मध्यप्रदेश सरकार के प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने पर संकल्पित है. मुझे खुशी है कोटा जिले में नवनेरा बांध का काम पूरा हो गया है. यमुना का जल लाने की दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं. राजस्थान वो प्रदेश है जहां सदियों से जल संचय की परंपरा रही है. एक-एक बूंद का महत्व यहां के लोग समझते है.

पेपर लीक और नकल माफिया पर वर्तमान सरकार ने लगाया अंकुश:- राज्यपाल ने आगे कहा कि पेपर लीक और नकल माफिया पर वर्तमान सरकार ने अंकुश लगाया है. ये सरकार की दक्षता है युवा के भरोसे पर खरा उतरी है. पूर्ववर्ती सरकार के समय पेपर लीक की घटनाएं प्रदेश में हुई. मौजूदा सरकार ने 100 से अधिक FIR करवाई और 260 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है. सरकार ने पेपर माफिया के खिलाफ दृढ़ इच्छा शक्ति दिखाई है.

# सद्दाम बिग बॉस ने झंडा फहराकर गणतंत्र दिवस पर बच्चों का किया सम्मान



जयपुर (रॉयल पत्रिका ) जयपुर राजस्थान का उभरता सितारा टोंक जिले के छोटे से गांव कुरैडी का रहने वाला, छोटी उम्र का, कई शॉर्ट फिल्म बनाकर नाम कमाने वाला सद्दाम बिग बॉस बस नाम ही काफी है। आजकल युवाओं की धड़कन बन चुका है ने गणतंत्र दिवस के सुनहरे मौके पर झंडा फहराकर प्रतिभावान बच्चों का किया सम्मान। लालाराम मीणा ने बताया कि सद्दाम बिग बॉस और समृद्धि सेवा संस्थान दोनों मिलकर हर साल की भांति इस साल भी गणतंत्र दिवस के मौके पर जिन बच्चों ने खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया एवं उच्च शिक्षा प्राप्त कर गांव और विद्यालय का नाम रोशन किया ऐसे प्रतिभावान बच्चों को शील्ड और सस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सांवरिया सेठ, संस्था के प्रदेश अध्यक्ष सोनू भट्ट, मोहम्मद इस्माइल खान, मोहम्मद ताहिर हुसैन और आदर्श कल्याण विद्या मंदिर के वरिष्ठ अध्यापक एवं इस प्रोग्राम का संचालन करने वाले लाला राम मीणा उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### रेफेक्स इंडस्ट्रीज ने क्यू3 एफवाय 25 में स्टैंडअलोन नेट प्राफिट में 200.12 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की

**चेन्नई।** रिफेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड जो भारत में स्थिरता की दिशा में अग्रणी भूमिका निभा रही है और जिनके व्यापक पोर्टफोलियो में एश और कोल हैंडलिंग, रेफ्रिजरेंट गैस और ग्रीन मोबिलिटी शामिल है, कंपनी ने एफवाय25 की तीसरी तिमाही और नौ महीने के लिए अपनी अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है, जो उसकी हरे भविष्य की दिशा में एक और कदम है।

### हरियाणा राज्य के छात्र-छात्राएं केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा के नेतृत्व में युवा संगम यात्रा पर पहुंचे शहडोल

**जबलपुर।** प्रौद्योगिकी एवं प्रगति की अवधारणा पर चतुर्थ दिवस दिनांक 24.01.2025 को युवा संगम यात्रा (हरियाणा राज्य के प्रतिभागी) रिलायंस सी.बी.एम. प्रोजेक्ट रिलायंस फाउंडेशन में भ्रमण किया जहां श्री एस. एन. खान ने सुरक्षा के संबंध में, श्री भूपेंद्र मंडलोई जी ने पूरे प्लांट के संबंध में, तकनीकी जानकारी प्रदान की तथा कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के संबंध में श्री राजीव श्रीवास्तव ने कंपनी द्वारा दी जा रही सुविधाएं एवं चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में प्रतिभागियों को विस्तृत जानकारी प्रदान की।इसी क्रम में कोल माइंस प्लानिंग डिजाइन की सिंहपुर साइट में भी भ्रमण किया जहां अन्वेषण विभागाध्यक्ष श्री सामंतक चटर्जी और भू-भौतिक प्रभाग के प्रमुख डॉक्टर सायन घोष उपस्थित थे सिंहपुर से प्रभारी अधिकारी श्री हिमांशु तिवारी, श्री रोहित पांडे और नीलाद्री दास ने अन्वेषण गतिविधियों, भू-वैज्ञानिक व्याख्या और भू-गतिविधि डेटा प्रोसेसिंग का प्रदर्शन किया जो कोयला भंडार और खदान नियोजन के आकलन में महत्वपूर्ण योगदान देता है। साथ ही भू- भौतिकी डेटा प्रोसेसिंग का प्रदर्शन किया जो कोयला भण्डार और खदान नियोजना के आकलन में महत्वपूर्ण योगदान देता है।क

### सुप्रीम पावर इ्[ पमेंट्स की स्टैंडअलोन रेवेन्यू में एफवाय25 में 36 प्रतिशत की हुई वृद्धि

**चेन्नई।** सुप्रीम पावर इक्विपमेंट लिमिटेड पावर और वितरण ट्रांसफॉर्मर निर्माण उद्योग में अग्रणी कंपनियों में से एक, ने एफवाय25 की तीसरी तिमाही और 9 महीने की अपनी अनऑडिटेड वित्तीय रिपोर्ट की घोषणा की।सुप्रीम पावर इक्विपमेंट लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री वी राजमोहन ने रिपोर्ट पर टिप्पणी करते हुए कहा, हम अपने 9रू और त्त्3 स्न्ङ्घ25 परिणामों में मजबूत वृद्धि की रिपोर्ट करते हुए अत्यंत खुश हैं, जिसमें कुल आय में दो अंकों की वृद्धि दर्ज की गई है। यह प्रदर्शन मुख्य रूप से सोलर ट्रांसफॉर्मर्स की मजबूत मांग द्वारा प्रेरित है, जिसने हमारे रेवेन्यू में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। रिन्यूएबल ऊर्जा पर बढ़ते फोकस के साथ, सोलर ट्रांसफॉर्मर्स की मांग लगातार बढ़ रही है, और हम ऑर्डर्स की एक मजबूत पाइपलाइन के साथ इस प्रवृत्ति का लाभ उठाने के लिए अच्छी स्थिति में हैं।

### वी.एल इंफ्राप्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने 45 करोड़ मूल्य के पांच प्रतिष्ठित इन्फ्रास्ट्रक्चर अनुबंध प्राप्त किए

**मुंबई।** वी.एल. इंफ्राप्रोजेक्ट्स लिमिटेड जो जल आपूर्ति और सीवरेज इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को निष्पादित करने में विशेषज्ञता रखता है, ने ?45.49 करोड़ के संयुक्त कुल मूल्य के पांच महत्वपूर्ण ऑर्डर्स और एलओआई प्राप्त करने की घोषणा की है। यह प्रतिष्ठित ऑर्डर्स कंपनी की निरंतर वृद्धि और प्रमुख क्षेत्रीय बाजारों में बढ़ती उपस्थिति को दर्शाते हैं।कंपनी ने 3 दिसंबर, 2024 से आगे निम्नलिखित ऑर्डर्स हासिल किए हैं।

# अमेरिका की नीतिगत ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं, ट्रंप की नीतियों पर फेडरल रिजर्व की पैनी नजर

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने मानक ब्याज दरों में फिलहाल कोई बदलाव नहीं करना का फैसला लिया है। पिछले साल तत्कालीन राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यकाल में ब्याज दरों में लगातार तीन बार कटौतियां की गई थीं। हालांकि, अब ट्रंप के राष्ट्रपति बनने पर यूएस फेड रिजर्व सतर्क दृष्टिकोण अपना रहा है।

इसी साल विगत 20 जनवरी को राष्ट्रपति बने डोनाल्ड ट्रंप ने पहले 10 दिनों में ही कई बड़े फैसले लिए हैं। उनके फैसलों का असर अमेरिकी अर्थव्यवस्था के साथ-साथ पूरी दुनिया के शेयर बाजारों पर भी दिखा है। अमेरिका में ब्याज दरें तय करने वाली शीर्ष संस्था- फेडरल रिजर्व ने कहा है कि फिलहाल मानक ब्याज दर में बदलाव नहीं किया जाएगा। फेड रिजर्व ने कहा है कि मुद्रास्फीति के साथ-साथ ट्रंप की नीतियों पर भी पैनी नजर रखी जा रही है। आने वाले दिनों में ब्याज दरों को बदलने से जुड़े फैसले लिए जा सकते हैं।

फेड रिजर्व का ताजा फैसला ये दिखाता है कि यह शीर्ष अमेरिकी निकाय पहले की तुलना में अधिक सतर्क नजरिया अपना रहा है। फेड यह अनुमान लगाना चाहता है कि अमेरिकी मुद्रास्फीति किस दिशा में जा रही है और प्रचंड बहुमत हासिल कर सत्ता में लौटे डोनाल्ड ट्रंप अपने आगामी चार वर्षों के कार्यकाल में किस तरह की नीतियां अपना सकते हैं।



रोजगार से जुड़े सवालों पर फेड रिजर्व ने बुधवार को कहा कि बाजार का आकलन दिखाता है कि पहले की तुलना में अब हालात बेहतर हैं। बुधवार को जारी अपनी समीक्षा में फेड ने कहा कि अब हालात ठोस हैं और बेरोजगारी की दर हाल के महीनों में घटकर स्थिर हो गई है।

अमेरिकी मुद्रास्फीति को लेकर फेड रिजर्व ने सख्ती से आकलन किया और कहा कि फिलहाल यह कुछ हद तक ऊंचा बना हुआ है। रोजगार और मुद्रास्फीति की वर्तमान स्थिति को देखते हुए यह भी अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले दिनों में फेडरल रिजर्व प्रमुख ब्याज दरों में बहुत जल्दी कोई बड़ा बदलाव नहीं करेगा।

बता दें कि यूएस फेड ने पिछले साल अपनी दर को 5.3त्न से घटाकर 4.3त्न कर दिया था। बाइडन प्रशासन के अंतिम दौर में इस बात को लेकर चिंता गहराने लगी थी कि नौकरी बाजार कमजोर होने लगा है। अमेरिका में गर्मियों के मौसम में कंपनियों में होने वाली भर्तियों में भी गिरावट देखी गई थी। देश में बेरोजगारी बढ़ने के कारण यूएस फेड अधिकारियों ने सितंबर में आधे अंक की बड़ी कटौती को मंजूरी दे दी थी।

अमेरिका में नवंबर में कराई गए चुनाव के नतीजे सामने आने के बाद चार साल का डेमोक्रेट शासन खत्म हुआ और बाइडन की विदाई के साथ-साथ सत्ता में ट्रंप की वापसी सुनिश्चित हुई। जानकारों के मुताबिक इस अहम सियासी बदलाव का अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक असर दिखा। पिछले महीने भर्ती में तेजी आई और बेरोजगारी दर थोड़ी कम होकर 4.1प्रतिशत पर आ गई।

# सैमसंग की नई पेशकश: 19 मॉडल्स के साथ बेस्पोक एआई विंडफ्री एसी रेंज लॉन्च

**गुरुग्राम, एजेंसी।** सैमसंग,भारत के प्रमुख उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड,ने अपनी नई 2025बेस्पोक एआई विंडफ्री एयर कंडीशनर्स की सीरीज लॉन्च की। यह सीरीज अत्याधुनिक एआई तकनीक और प्रीमियम डिजाइन का बेहतरीन मेल है। 19मॉडलों की यह रेंज भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन की गई है,जो न केवल भीषण गर्मियों का समाधान प्रदान करती है,बल्कि आराम,सुविधा और ऊर्जा दक्षता का वादा भी करती है।




यह सीरीज एआई-संचालित इनोवेशंस के साथ बदलते मौसम के हिसाब से खुद को ढालने में सक्षम है। विंडफ्री कूलिंग तकनीक कमरे में ठंडी हवा को सीधे शरीर पर पड़ने से रोकते हुए 23,000माइक्रो होल्स के जरिए धीरे-धीरे हवा फैलाती है। इसके एआई फास्ट और कम्फर्ट कूलिंग फीचर से कमरा तेजी से ठंडा होता है और फिर बिजली बचाने के लिए ऊर्जा-कुशल सेटिंग्स पर शिफ्ट हो जाता है।

आधुनिक जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए इस सीरीज में स्मार्टथिंग्स कनेक्टिविटी का उपयोग किया गया है। इसमें रिमोट निगरानी के लिए मैप व्यू और सहज नियंत्रण के लिए क्विक रिमोट जैसे उन्नत फीचर्स शामिल हैं। सैमसंग की यह नई रेंज उपभोक्ताओं को न सिर्फ आरामदायक ठंडक प्रदान करती है,बल्कि बिजली बचत और स्मार्ट तकनीक के साथ एक बेहतर अनुभव का भी वादा करती है।

घर से काम करने वाली पीढ़ी के लिए सैमसंग का बेस्पोक एआई विंडफ्री एसी न सिर्फ कूलिंग में बेहतरी लाता है, बल्कि इसे और भी स्मार्ट बनाता है। ये एयर कंडीशनर सैमसंग के स्मार्टथिंग्स ऐप के साथ वाई-फाई के जरिए आसानी से जुड़ सकते हैं। आप बिक्सबी वॉयस असिस्टेंट, एलेक्सा या गूगल होम का उपयोग करके इसे चालू/बंद कर सकते हैं या इसकी सेटिंग्स बदल सकते हैं। एआई ऑटो कूलिंग फीचर के जरिए कूलिंग को अपनी जरूरत के हिसाब से अनुकूलित किया जा सकता है। इसके अलावा,जियो-फेंसिंग आधारित वेलकम कूलिंग फीचर कमरे को ऑटोमेटिक रूप से ठंडा कर देता है, ताकि जब आप घर पहुंचें, तो पहले से ठंडक का अनुभव कर सकें। नए गुड स्लीप मोड के साथ ये एसी नींद के हर चरण के मुताबिक तापमान को एडजस्ट कर पूरे रात बेहतर और सुकून भरी नींद सुनिश्चित करता है।

सैमसंग इंडिया के डिजिटल अप्लाएंसेज के सीनियर डायरेक्टर गुरफान आलम ने बताया कि 2025 बेस्पोक एआई विंडफ्री एयर कंडीशनर भारतीय गर्मियों की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए हैं। यह कूलिंग अनुभव को पूरी तरह से नए तरीके से परिभाषित करते हैं। ये एयर कंडीशनर सैमसंग की इनोवेशन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं, जो रोजमर्रा की जिंदगी को आसान और बेहतर बनाते हैं। एआई-संचालित कूलिंग, ऊर्जा की बचत, स्मार्ट कनेक्टिविटी और आधुनिक जीवनशैली को ध्यान में रखकर बनाए गए ये एसी भारतीय उपभोक्ताओं के लिए एक शानदार विकल्प साबित होंगे। सैमसंग ने भारतीय एयर कंडीशनर बाजार में अपनी पकड़ को और मजबूत किया है। कंपनी का मानना है कि 2025 तक उनकी बिक्री में तेज़ी बनी रहेगी। बेस्पोक एआई विंडफ्री लाइनअप के साथ, सैमसंग एसी सेक्टर में एआई तकनीक को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

ऊर्जा दक्षता और बेहतर कूलिंग अनुभव के लिए एआई सुविधाओं को शामिल करते हुए यह नई रेंज सैमसंग को बाजार में और मजबूत बनाएगी।

# जॉन मर्फी की भारत में कोका-कोला को आगे बढ़ाने की योजना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोका-कोला भारत में ग्रामीण बाजारों में विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है और उसका मानना है कि शहरी क्षेत्रों में खपत में मंदी अस्थायी है। कंपनी के अध्यक्ष और सीएफओ जॉन मर्फी ने एक




सम्मेलन में इस बात का ज़िक्र किया। जॉन मर्फी की भारत में कोका-कोला को आगे बढ़ाने की योजना है।

उन्होंने कहा कि हालांकि 2024 के अंत में कुछ क्षेत्रों में कमज़ोरी देखी गई थी लेकिन उनका मानना है कि यह एक अस्थायी घटना है जो लंबे समय तक नहीं रहेगी। उन्होंने आगे कहा कि कंपनी को सतर्क रहना होगा अनुकूलन करना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि वह जीतने के लिए आवश्यक क्षमताओं में निवेश कर रही है। जॉन मर्फी ने बताया कि भारत के ग्रामीण बाजारों में विकास की बड़ी संभावनाएं हैं। इन बाजारों में कोका-कोला अपनी स्थिति को और मजबूत करने की कोशिश करेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े ब्रांडों के लिए तेजी से विस्तार करने के अवसर हैं। विशेष रूप से 10 रुपये का मूल्य बिंदु बहुत महत्वपूर्ण है और यह कोका-कोला के लिए एक केंद्रित रणनीति का हिस्सा है।

# ग्लोब टेक्सटाइल्स का 4,504 लाख रुपये का राइट्स इश्यू पहले ही दिन 14.69 प्रतिशत सब्सक्राइब हुआ

**अहमदाबाद, एजेंसी।** ग्लोब टेक्सटाइल्स (इंडिया) लिमिटेड के 4,504 लाख रुपये के राइट्स इश्यू को पहले ही दिन 14.69 प्रतिशत का सब्सक्रिप्शन प्राप्त हुआ। कंपनी टेक्सटाइल प्रोडक्शन, सूती प्रिंटेड फैब्रिक्स, होम टेक्सटाइल्स और फैंसी फैब्रिक्स के उत्पादन में अग्रणी प्लेयर है।

यदि राइट्स इश्यू की प्रमुख जानकारियों के बारे में बात करें तो -राइट्स इश्यू 24 जनवरी को खुला था और अब 6 फरवरी को बंद होगा। शेयर मूल्य 3 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है, जबकि 24 जनवरी को खुलते ही शेयर का बाजार मूल्य 3.78 रुपये था। 17 जनवरी 2025 की रिकॉर्ड तिथि पर पात्र शेयरधारकों को 1:2 के अनुपात में शेयर मिलेंगे (हर दो शेयरों पर एक नया शेयर)। राइट्स एंटाइटलमेंट के तहत नए निवेशक भी इस इश्यू में भाग ले सकते हैं। ग्लोब टेक्सटाइल्स के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर भाविक पारिख ने कहा, पहले ही दिन लगभग 15 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन मिलना हमारी कंपनी में निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है। इस राइट्स इश्यू के माध्यम से हम स्ट्रेटेजिक एक्सपान्शन और एक्विजिशन के लिए जरूरी फंड जुटाना चाहते हैं, जिससे लोन्ग टर्म ग्रोथ संभव होगा। कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन की बात करें तो सितंबर 2024 तिमाही में कंपनी का नेट प्रोफिट 380 लाख रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 134 लाख रुपये था। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में कंपनी ने 652 लाख रुपये का नेट प्रोफिट अर्जित किया।

# शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही और में अपने बेहतरीन परफॉरमेंस को जारी रखा

### वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में रेवेन्यू में साल दर साल 30.9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 648.8 करोड़ रुपये रहा, वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में प्रॉफिट आफ्टर टैक्स साल दर साल 130.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 104 करोड़ रुपये रहा

**इंदौर, एजेंसी।** शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड (एसपीआईएल) ने 31 दिसंबर 2024 को खत्म होने वाली तिमाही और नौ महीने समाप्त होने पर वित्तीय परिणामों की घोषणा की।

शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन, श्री दिनेश पाटीदार ने कंपनी के परफॉरमेंस पर हर्ष जताते हुए कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमारी कंपनी ने प्रतिष्ठित ग्रेट प्लेस टू वर्क सर्टिफिकेट प्राप्त किया है, जो हमारी मजबूत और मोटीवेटेड टीम की बदौलत हासिल हुआ है, जिसने कंपनी के विकास में अपना योगदान दिया है। कंपनी को मिले ऑर्डर्स के परफॉरमेंस और इफिशिएंसी के कारण स्ट्रोंग फाइनेंशियल परफॉरमेंस के कारण बेहतरीन वित्तीय प्रदर्शन किया है, जिसके परिणामस्वरूप मार्जिन में भी बढ़ोतरी हुई है। 31 दिसंबर 2024 तक, कंपनी के पास कुल 2070 करोड़ रुपये (जीएसटी सहित) के ऑर्डर थे, जिन्हें अगले एक साल में पूरा करना है। इस तिमाही में, कंपनी को महाराष्ट्र की मैगेल त्याला सौर कृषि पंप स्कीम के तहत 25,000 पंपों के लिए 754.3 करोड़ रुपये का



बड़ा ऑर्डर मिला। इसके अलावा, हरियाणा रिन्यूएबल एनर्जी डिपार्टमेंट (एचएआरईडीए) से 3,174 पंपों के लिए 116.36 करोड़ रुपये का ऑर्डर भी प्राप्त हुआ। कंपनी ने केवल पीएम-कुसुम योजना पर निर्भर न रहकर अन्य योजनाओं से भी ऑर्डर लेना शुरू किया है। इस विविधता की वजह से, कंपनी को अपने भविष्य के विकास पर पूरा भरोसा है।

सोलर रूफटॉप एक शानदार अवसर है, जिसे सरकार की पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना जैसी पहल से बढ़ावा मिल रहा है। इस योजना के लिए सरकार ने 75000 करोड़ रुपये का इन्वेस्टमेंट तय किया है। सरकार किसानों की भलाई और पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए रिन्यूएबल एनर्जी को खेती से जोड़ने पर जोर दे रही है। इस पहल से न केवल किसानों को फायदा होगा, बल्कि उनके ऊर्जा जरूरतों को पूरा करके उनके खर्च भी कम होंगे। साथ ही, यह कदम देश के सस्टेनेबल डेवलपमेंट (स्थिरता के लक्ष्यों) को हासिल करने में मदद करेगा। हमने इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के लिए इलेक्ट्रिक मोटर्स और कंट्रोलर का मैन्युफैक्चर करके अपने बिजनेस मॉडल को स्ट्रेटेजिक रूप से अलग बनाया है। ईवी स्पेस में, हम ओईएम से पायलट ऑर्डर के साथ आगे बढ़ रहे हैं, और यह भविष्य में हमारे लिए एक महत्वपूर्ण अवसर हो सकता है। हमारे एक्सपोर्ट बिजनेस ने भी एक मजबूत प्रदर्शन दिया है, क्योंकि यह वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही और नवे महीने में साल दर साल 58 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 311.9 करोड़ रुपये हो गया।

# सैमसंग ने एजुकेशन को दी नई दिशा : स्मार्ट टीवी पर एम्बिबे का एआई-पावर्ड लर्निंग प्लेटफ़ॉर्म हुआ उपलब्ध

**गुरुग्राम, एजेंसी।** भारत के अग्रणी उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने एम्बिबे के साथ एक नई साझेदारी की घोषणा की है। एम्बिबे एक एआई-आधारित पर्सनलाइज्ड लर्निंग प्लेटफ़ॉर्म है, जिसे छात्रों की सीखने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और सहज बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस सहयोग के तहत एम्बिबे को सैमसंग के एजुकेशन हब ऐप में जोड़ा जाएगा। यह ऐप विशेष रूप से टीवी पर शैक्षिक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए तैयार किया गया है, जिससे छात्रों को एक व्यक्तिगत और इंटरएक्टिव सीखने का अनुभव मिलेगा।




इस साझेदारी का उद्देश्य छात्रों को उनकी पढ़ाई में सहायता प्रदान करना है, चाहे वे सीबीएसई, आईसीएसई, आईबी, कैम्ब्रिज, या किसी राज्य बोर्ड के पाठ्यक्रम में हों। इसके साथ ही, यह आईआईटी जेईई और नीट जैसी प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी में भी मदद करेगा। सैमसंग एजुकेशन हब पर एम्बिबे के माध्यम से उपलब्ध कराए गए इमर्सिव 3ष्ठ व्याख्यात्मक वीडियो छात्रों के लिए सबसे कठिन विषयों को भी समझना आसान बनाएंगे। इन वीडियो को इस तरह डिज़ाइन किया गया है कि पढ़ाई का अनुभव न केवल प्रभावी हो, बल्कि रोचक और आकर्षक भी हो।

इस पहल के माध्यम से, सैमसंग और एम्बिबे मिलकर यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि टीवी सिर्फ मनोरंजन का माध्यम न रहकर, एक ऐसा उपकरण बन जाए जो छात्रों की शिक्षा और उनके भविष्य को बेहतर बनाने में सहायक हो।

सैमसंग इंडिया के विजुअल डिस्प्ले बिज़नेस के वरिष्ठ निदेशक विपलेश डांग ने कहा कि सैमसंग एजुकेशन हब ऐप का उद्देश्य टीवी को महज मनोरंजन का साधन न रहने देकर इसे ऑनलाइन शिक्षा के एक सरल और प्रभावी मंच में बदलना है। यह डिज़ाइन-फॉर-टीवी शिक्षा ऐप ऑनलाइन लर्निंग के अनुभव को पूरी तरह से नया रूप देने के लिए तैयार है। इसका लक्ष्य इसे सभी के लिए रोचक और आसानी से सुलभ बनाना है। उन्होंने यह भी कहा कि सैमसंग का विज़न एक ऐसा भविष्य बनाना है जहां शिक्षा की कोई सीमा न हो और ज्ञान सिर्फ एक बटन के क्लिक पर उपलब्ध हो सके।

एम्बिबे की संस्थापक और सीईओ अदिति अवस्थी ने इस साझेदारी को शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि सैमसंग टीवी के साथ एम्बिबे की साझेदारी के ज़रिए छात्रों को एक व्यक्तिगत और आकर्षक लर्निंग अनुभव मिलेगा। सैमसंग और एम्बिबे ने मिलकर दो प्रमुख चुनौतियों का समाधान किया है। पहला, शानदार और इंटरैक्टिव मल्टी-मॉडल कंटेंट तैयार करना और दूसरा,इसे एआई की मदद से एक गहराई से व्यक्तिगत अनुभव में बदलना। यह तालमेल सैमसंग की तकनीकी विशेषज्ञता और एम्बिबे की एडटेक इनोवेशन को साथ लाता है। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी शैक्षिक उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित करेगी और सभी के लिए ज्ञान तक पहुंच आसान बनाएगी।

### नीति निर्माताओं, उद्योगपतियों और अकादमिक विशेषज्ञों ने ब्रिक्स सीसीआई गोलमेज बैठक में

# शिक्षा तक समान पहुंच सुनिश्चित करने में डिजिटल नवप्रवर्तन की महत्वपूर्ण भूमिका रेखांकित की

**मुंबई, एजेंसी।** नीति निर्माताओं, उद्योगपतियों और अकादमिक विशेषज्ञों ने ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (ब्रिक्स सीसीआई) के एजुकेशन वर्टिकल द्वारा From Chalkboards to Chatbots: The Evolution of Digital Education and EdTech in Bridging Educational Gaps'विषय पर आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन में यह बात रेखांकित की कि कैसे डिजिटल नवप्रवर्तन शैक्षणिक अंतर पाट सकता है और सभी के लिए समावेशी सीख सुनिश्चित कर सकता है।

इस आयोजन में नई दिल्ली में दक्षिण अफ्रीका गणराज्य के उच्चायोग के प्रथम सचिव श्री पीटर महाफा और बोलिविया दूतावास के सिविल अटैच श्री क्रिस्टियन डब्लू विलैरियल दुरान सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित हुए। इस गोलमेज सम्मेलन के दौरान अपनी अंतर्दृष्टि साझा करने वाले उद्योग विशेषज्ञों में करियर गाइड की सीईओ सुश्री सुरभि देवरा, आईड्रीमकरियर के संस्थापक एवं सीईओ श्री आयुष बंसल, इनवोकॉन के सह-संस्थापक एवं सीईओ श्री तरणजीत सिंह, शारदा युनिवर्सिटी में डीएसटी आईटीबीआई टेक्निकल बिजनेस इनक्यूबेटर के सीईओ, एआईएम के मेंटर, साइकॉम इंडिया और एस्ट्रोकैंप ग्रुप के संस्थापक निदेशक श्री अनुराग पांडेय, टाइम्सप्रो के मुख्य डिजिटल स्ट्रैटेजी ऑफिसर, श्रीअभिजीतमेहरोत्रा, उपाध्यक्ष, इमर्टिकसलर्निंग, श्री वरुण धामिजा, शिपरस्कूल्स के संस्थापक श्री अनुराग मिश्रा, स्किल सर्किल के संस्थापक और सीईओ श्री शिवम आहुजा, डिजिपरफॉर्म के सह



संस्थापक वैभव वत्स और लाल बहादुर शास्त्री एजुकेशनल सोसाइटी को बोर्ड सदस्य श्री मुदित शास्त्री शामिल थे। सम्मेलन के मुख्य अतिथि एडसीआईएल (इंडिया) लिमिटेड के मुख्य महाप्रबंधक (डिजिटल एजुकेशन सिस्टम) पवन कुमार शर्मा ने कहा, डिजिटल नवप्रवर्तन ने शिक्षा तक पहुंच के क्षेत्र में क्रांति ला दी है जिससे सीखने वालों को दीक्षा और स्वयं जैसे प्लेटफॉर्मों के जरिए राष्ट्रीय पाठ्यक्रमों के मुताबिक क्यूरेटेड, उच्च गुणवत्ता वाले कंटेंट सुलभ कराए जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### ठाणे में अवैध रूप से रह रहीं बांग्लादेशी महिलाएं गिरफ्तार, मकान मालिक की तलाश

**ठाणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में अवैध रूप से रह रहीं बांग्लादेशी चार महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि अवैध प्रवासियों को किराए पर अपना मकान देने वाले मालिक की तलाश की जा रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मानव तस्करी रोधी प्रकोष्ठ के अधिकारियों ने मंगलवार शाम मनोरपाड़ा में स्थित नगर निकाय के पुनर्वास 'चॉल' पर छापा मारा। उन्होंने बताया कि वहां एक कमरे में 38 से 50 साल की उम्र की चार बांग्लादेशी महिलाएं रह रही थीं। जांच के दौरान वे भारत में रहने के लिए कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सकीं। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने उन चारों महिलाओं को गिरफ्तार करने के बाद उनके और मकान मालिक के खिलाफ संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### नोएडा में जीप से कुचलकर 15 वर्षीय लड़के की मौत

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा सेक्टर-145 के निकट एक तेज रफ्तार बोलेरो जीप ने 15 वर्षीय लड़के को कुचल दिया, जिसके बाद घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान नलगढ़ा गांव के निवासी आरुष के रूप में हुई है। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि सोमेश नामक व्यक्ति ने बीती रात थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 29 जनवरी को शाम के समय उनका बेटा आरुष सेक्टर 145 मेट्रो स्टेशन के पास सर्विस रोड पर पैदल जा रहा था, तभी काले रंग की तेज रफ्तार बोलेरो जीप ने उसे टक्कर मार दी, जिसके बाद घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मीडिया प्रभारी ने कहा कि पीड़ित ने पुलिस को बोलेरो का पंजीकरण नंबर बताया है, उसके आधार पर वाहन चालक की तलाश जारी है।

### मणिपुर में प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े सात लोग गिरफ्तार

**इंफाल, एजेंसी।** सुरक्षा बलों ने पिछले दो दिन में प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े सात लोगों को मणिपुर के विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने यहां एक बयान में बताया कि प्रतिबंधित कांगलेई यावोल कन्ना लूप (केवाईकेएल) के तीन सदस्यों और 'यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट-कोइरेंग' (यूएनएलएफ-के) के एक सक्रिय सदस्य को मंगलवार को तेंगनौपाल जिले में भारत-म्यांमा सीमा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने प्रतिबंधित 'पीपुल्स लिबरेशन आर्मी' के दो सदस्यों को बुधवार को गिरफ्तार किया। उन्हें इंफाल के पाओना बाजार क्षेत्र में जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। बयान में कहा गया है कि सुरक्षा बलों ने बुधवार को थौबल जिले के तेंथा इलाके से 'पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक' (पीआरओ) के भी दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया।

### अंबेडकर की प्रतिमा से छेड़छाड़ पर गरमाई सियासत, अठावले बोले- मामले की होनी चाहिए जांच

**मुंबई, एजेंसी।** डॉ. बीआर अंबेडकर की मूर्ति तोड़े जाने पर केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि बाबासाहेब अंबेडकर ने दलितों की भलाई के लिए काम किया। उनकी मूर्ति तोड़ी गई लेकिन उनकी विचारधारा मजबूत है...मामले की जांच होनी चाहिए इसकी जांच होनी चाहिए कि यह किसकी योजना थी। मैं सीएम से बात करने जा रहा हूं कि आरोपियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए... मैं अधिकारियों से बात करूंगा और एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करूंगा... मैं बर्बरता के इस कृत्य की निंदा करता हूं ...सीएम भगवंत मान पंजाब में स्थितियों को ठीक से संभाल नहीं पा रहे हैं और संभाल भी चुके हैं। आठवले ने कहा कि यह एक गंभीर घटना है। दोषी व्यक्ति को फांसी की सजा मिलनी चाहिए। राज्यसभा सदस्य ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के इस दावे को भी खारिज कर दिया कि आंबेडकर द्वारा तैयार संविधान केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार में खतरे में है। उन्होंने कहा, ÷संविधान सुरक्षित है। लेकिन राहुल गांधी और उनकी पार्टी को लगता है कि उनका अस्तित्व खतरे में है।

# एकनाथ शिंदे को ठाणे में ही टेंशन देने की भाजपा ने ठानी, मंत्री लगाएंगे जनता दरबार, बढ़ रही दरार

**मुंबई, एजेंसी।**



एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में पूरे ढाई साल तक भाजपा और शिवसेना की सरकार चली थी। लेकिन नई सरकार में समीकरण बदले तो हालात भी बदल चुके हैं। अब भाजपा ड्राइविंग सीट पर है और एकनाथ शिंदे डिप्टी सीएम हैं। यही नहीं एकनाथ शिंदे की तमाम नाराजगी और रस्साकशी के बाद भी उनकी पसंद के मंत्रालय उन्हें नहीं मिल पाए। अब उनके सामने एक और मुश्किल खड़ी हो गई है। भाजपा उनके गढ़ कहे जाने वाले ठाणे में अपना जनाधार बढ़ाना चाहती है और इसके लिए खुलकर बैटिंग शुरू कर दी है। भाजपा के मंत्री गणेश नाइक ने बुधवार को कहा कि हम चाहते हैं कि ठाणे में कमल खिले। भाजपा का यह उत्साह और ठाणे को लेकर प्लान एकनाथ शिंदे के लिए टेंशन भरा है, जो उद्धव ठाकरे से बागी होकर सीएम बने थे और अब उनका ही गुट शिवसेना नाम से पार्टी चला रहा है।

ठाणे के प्रभारी मंत्री एकनाथ शिंदे हैं। इसलिए वहां विकास के मामलों और जनहित से जुड़े किसी विषय पर एकनाथ शिंदे ही सुनवाई करते हैं। अब यहां गणेश नाइक भी जनता दरबार लगाना चाहते हैं। वह पड़ोस के पालघर जिले के प्रभारी मंत्री हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि वह ठाणे में भी जनता दरबार लगाएंगे। नवी मुंबई से आने वाले नाइक वन मंत्री भी हैं। उनका कहना है कि वह तीन महीने में एक बार ठाणे में जनता दरबार लगाएंगे। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोग मुझसे मिल सकते हैं और अपनी समस्याएं बता सकते हैं। शिवसेना से जुड़े लोगों का कहना है कि यह सब इसलिए हो रहा है ताकि एकनाथ शिंदे को कमजोर किया जा सके। हम ऐसा नहीं होने देंगे।

चुनाव नतीजे आने के बाद से ही खींचतान जारी है। एकनाथ शिंदे की रस्साकशी को भाजपा भूली नहीं है। इसके अलावा नासिक और रायगढ़ के प्रभारी मंत्रियों को लेकर भी शिंदे ने ऐतराज जताया था और फिर फैसले पर ही रोक लगानी पड़ी। अब नाइक ने एकनाथ शिंदे को नई टेंशन देते हुए ठाणे में सक्रियता का ऐलान किया है। इसका जवाब भी एकनाथ शिंदे गुट ने तुरंत ही दिया है। टूरिज्म मिनिस्टर शंभूराज देसाई ने कहा कि गणेश नाइक ने यह कदम सोच-समझकर उठाया है। वहीं एकनाथ शिंदे गुट के सांसद नरेश म्हासके ने कहा कि ऐसा हुआ तो हमारे लोग भी पालघर में जनता दरबार लगाएंगे। गणेश नाइक ने ठाणे को लेकर यह भी कहा था कि यदि आप यहां का विकास चाहते हैं तो कमल खिलाना होगा।

**गणेश नाइक का भाजपा नेतृत्व ने भी किया समर्थन:** यह विवाद इस कदर बढ़ गया है कि गणेश नाइक का समर्थन प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर वावनकुले ने भी किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी उन इलाकों में मंत्रियों को लगा रही है, जहां उसका प्रभारी मंत्री नहीं है। ऐसा इसलिए ताकि जनहित के काम हो सकें। यही नहीं एकनाथ शिंदे सेना की आपत्ति को भी उन्होंने खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि एक मंत्री तो पूरे राज्य का होता है। बावनकुले ने कहा कि हम उन इलाकों में अपने मंत्रियों को संपर्क मंत्री के तौर पर तैनात करते हैं, जहां सहयोगी दलों का प्रभारी होता है। इससे लोगों का फायदा होगा और उनके काम आसानी से हो सकेंगे।

# यूट्यूब से ट्रेनिंग, पत्नी के बॉस की कार उड़ाया; अफेयर के शक में पति ने की वारदात

**दुर्ग, एजेंसी।**

छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में एक हैरान कर देने वाली वारदात सामने आई है। एक 42 वर्षीय व्यक्ति ने अपनी पत्नी के बॉस की कार में बम धमाका कर दिया। यह बम धमाका उसने रिमोट कंट्रोल से किया। आरोपी को संदेह था कि उसकी पत्नी का उसके बॉस के साथ अफेयर है। गनीमत यह रही कि विस्फोट के समय खड़ी कार के अंदर कोई नहीं था, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। आरोपी का नाम देवेंद्र सिंह है। उसने अपनी पत्नी के बॉस की कार में रिमोट कंट्रोल बम से उड़ा दी। यह घटना मंगलवार को भिलाई शहर में हुई। गनीमत रही कि कार में कोई मौजूद नहीं था, लेकिन धमाके से गाड़ी को काफी नुकसान हुआ।

**कार में विस्फोट:** एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को भिलाई शहर में रियल एस्टेट कारोबारी संजय बुंदेला के कार्यालय के बाहर उनकी कार में विस्फोट हो गया था। इसके बाद पुलिस ने नए आपराधिक कानून बीएनएस और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया था। आरोपी ने अपना जूर्म कबूल कर लिया है।

**पुलिस ने ऐसे दबोचा:** पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में देवेंद्र ने कबूला कि उसे शक था कि उसकी पत्नी का उसके बॉस संजय बुंदेला से अफेयर चल रहा है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। देवेंद्र की पत्नी एक रियल एस्टेट फर्म में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर काम करती है।

**यूट्यूब से सीखा बम बनाना:** देवेंद्र ने पुलिस को बताया कि उसने यूट्यूब पर वीडियो देखकर रिमोट कंट्रोल बम बनाना सीखा और इसे अपनी पत्नी के बॉस की कार में लगाकर धमाका किया, ताकि उसे डराया जा सके।

# केजरीवाल पर सोनीपत में दर्ज हुआ केस, यमुना में जहर मिलाने वाले बयान ने बढ़ाई मुश्किलें

**सोनीपत, एजेंसी।**

आम आदमी पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल के खिलाफ सोनीपत में केस दर्ज हुआ है। उनके खिलाफ यह केस यमुना में हरियाणा सरकार द्वारा जहर मिलाने वाले बयान पर दर्ज हुआ है। इससे एक बार फिर केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। इस मामले में हरियाणा सरकार ने सोनीपत में चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट की कोर्ट में डिजास्टर मैनेजमेंट की धारा 2 डी,154 के तहत केस दर्ज करवा दिया है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सोनीपत जिला अदालत में केजरीवाल के खिलाफ शिकायत दी थी।

हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल ने यह जानकारी चण्डीगढ़ स्थित सचिवालय में दी। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अरविंद केजरीवाल का बयान बेतुका और भ्रमित करने वाला है। हरियाणा पर इस प्रकार का आरोप लगाकर केजरीवाल ने घटिया राजनीति की है। हरियाणा सरकार ने कानूनी कार्रवाई कर दी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री ने कहा कि जो पानी दिल्ली को सप्लाई किया जा रहा है, वहीं राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, और केंद्रीय मंत्री भी पीते है। केजरीवाल ने यह बयान देकर दिल्ली ही नहीं, हरियाणा की जनता में भी भय फैलाने का काम किया है।

**1-2 साल तक की सजा और जुर्माना का प्रावधान:** आपदा प्रबंधन अधिनियम कानून के तहत अगर कोई व्यक्ति किसी आपदा की गंभीरता या प्रभाव को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करके झूठी अफवाह फैलाता है और इससे जनता में दहशत फैलती है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 में लागू हुआ था, लेकिन 1 अगस्त 2024 में लोकसभा में केंद्र सरकार ने आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, 2024 पेश करके इसे पारित कर दिया गया था। विधेयक में आपदा प्रबंधन के मामले में झूठी जानकारी देने या अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ एक से दो साल तक की सजा का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही जुर्माना या फिर सजा और जुर्माना दोनों भी एक साथ देने का प्रावधान किया गया है।

# जोड़ा पहनकर आई टीचर, छात्र से भरवा ली मांग

**कोलकाता, एजेंसी।**



पश्चिम बंगाल के एक सरकारी विश्वविद्यालय में कक्षा में एक छात्र से 'शादी' करने का महिला प्रोफेसर का वीडियो वायरल होने के बाद विवाद खड़ा हो गया है, जिसके बाद बुधवार को जांच के आदेश दिए गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रोफेसर ने हालांकि दावा किया कि यह एक नाटक था जो उनके विषय की पढ़ाई का हिस्सा था। अधिकारियों ने कहा कि यह मामला नादिया जिले के हरिंगहाटा में मौलाना अबुल कलाम आजाद प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग का है।

वीडियो में दुल्हन की तरह सजी प्रोफेसर और प्रथम वर्ष के छात्र को कक्षा में सिंदूर दान और माला बदल (जयमाला) समेत हिंदू बंगाली शादी के विभिन्न रीति-रिवाज निभाते देखा जा सकता है। अधिकारियों ने बताया कि वीडियो के वायरल होने पर विवाद खड़ा हो गया, जिसके बाद विश्वविद्यालय ने तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया और प्रोफेसर से स्पष्टीकरण मांगा है।

उन्होंने बताया कि प्रोफेसर ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों को बताया कि यह एक 'साइको-ड्रामा' था, जो उनके विषय की पढ़ाई का हिस्सा था और इसमें कुछ भी वास्तविक नहीं है। प्रोफेसर ने दावा किया कि वीडियो केवल विभाग के लिए ही रिकॉर्ड किया गया था और मनोविज्ञान विभाग की छवि को खराब करने के इरादे से इसे लीक कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि जांच पूरी होने तक प्रोफेसर को छुट्टी पर जाने के लिए कह दिया गया है। एमएकेएयूटी के कार्यवाहक कुलपति तापस चक्रवर्ती ने कहा, प्रोफेसर ने स्पष्ट किया है कि यह उनके विषय की पढ़ाई का एक हिस्सा था। वीडियो बाहरी प्रसार के लिए नहीं था। उन्होंने बताया कि एक समिति मामले की जांच कर रही है जिसमें अन्य विभागों की तीन महिला संकाय सदस्य शामिल हैं। प्रोफेसर ने कहा कि यह फेशर्स पार्टी से जुड़े हुए प्रोजेक्ट की योजना का हिस्सा था और गलत तरीके से दिखाया गया है। उन्होंने कहा कि वीडियो को जानबूझकर उनकी छवि खराब करने के लिए लीक किया गया है। साथ ही उन्होंने कहा है कि वह इस लीक के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करा सकती है।

उन्होंने कहा, इसे गलत तरीके से दिखाया गया है। यह उस प्रोजेक्ट का हिस्सा था।

# महाराष्ट्र सरपंच हत्याकांड मामले में धनंजय मुंडे को इस्तीफा देना चाहिए : सुप्रिया सुले



**मुंबई, एजेंसी।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने कहा कि बीड सरपंच हत्या मामले को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रहे धनंजय मुंडे को 'नैतिकता के आधार' पर मंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। यहां पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मासाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की जघन्य हत्या को 50 दिन बीत चुके हैं, लेकिन मुंडे के करीबी सहयोगी पर उंगलियां उठने के बावजूद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार से राकांपा मंत्री को बर्खास्त नहीं किया गया है। मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड को हत्या से जुड़े जबरन वसूली के मामले में गिरफ्तार किया गया है। मुंडे वर्तमान में देवेंद्र फडणवीस नीत मंत्रिमंडल में खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग संभाल रहे हैं। पुलिस के अनुसार मासाजोग के सरपंच संतोष देशमुख को नौ दिसंबर को बीड जिले में एक ऊर्जा कंपनी से जबरन वसूली की कोशिश को रोकने का प्रयास करने को लेकर अगवा कर लिया गया, उन्हें प्रताड़ित किया गया और उनकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया है। कराड को जबरन वसूली के मामले में गिरफ्तार किया गया है और वह न्यायिक हिरासत में है। उन्होंने कहा, ''अनिल देशमुख ने 100 करोड़ रुपये की रिश्वत के आरोप लगने के बाद गृह मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। नवाब मलिक, छगन भुजबल को अफवाहों के आधार पर गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया।'' अनिल देशमुख, शरद पवार की पार्टी राकांपा (एसपी) से हैं, भुजबल और मलिक उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पार्टी राकांपा से हैं। धनंजय मुंडे भी अजित पवार की पार्टी से हैं। सुर्खियों में रहती तो मैं नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देती। मैं पीछे हट जाती और अपनी पार्टी से कहती कि मैं पार्टी को आगे बढ़ाने में मदद करने के लिए आई हूं, न कि अपनी पार्टी को इस तरह नुकसान पहुंचाते हुए देखना चाहती हूं।'' सुले ने कहा, ''लाभ का पद संबंधी आरोपों के बाद सोनिया गांधी ने तुरंत इस्तीफा दे दिया था। वह मंत्री भी नहीं थीं।

# राजौरी में 17 मौतों से परेशान सरकार ने दिए झरने के पानी का इस्तेमाल बंद करने के आदेश



**श्रीनगर, एजेंसी।**

कश्मीर घाटी के निवासियों में पीलिया फैलने और राजौरी गांव में 17 लोगों की मौत के बाद जम्मू-कश्मीर सरकार ने लोगों से झरने का पानी पीने से परहेज करने को कहा है. झरने में बैक्टीरिया से दूषित पानी पाया गया. सरकार के जल शक्ति विभाग ने मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले और ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में 40 झरनों का परीक्षण किया है. जांच के दौरान इसमें बैक्टीरिया पाया गया. इस घटना ने सरकार को चिंतित कर दिया है. सरकार ने लोगों से पानी को अच्छी तरह उबालकर इस्तेमाल करने और केवल नल का पानी पीने को कहा है.

जल शक्ति विभाग के कार्यकारी अभियंता समीउल्लाह बेग ने कहा, जल शक्ति विभाग के ग्रामीण जलापूर्ति प्रभाग ने गंदेरबल जिले में विभिन्न झरनों के नमूने और परीक्षण का एक व्यापक अभियान चलाया. इसमें एकत्र किए गए 40 नमूनों में से 37 पॉजिटिव पाए गए. विभाग ने लोगों को चेतावनी नोटिस जारी कर झरने के पानी का उपयोग बंद करने को कहा है, क्योंकि यह लोगों के इस्तेमाल के लिए अनुपयुक्त पाया गया है. बेग ने कहा, गांदरबल और ग्रामीण श्रीनगर के लोग जो पीने के लिए झरने के पानी का इस्तेमाल करते हैं, उनसे अनुरोध है कि वे पीने के लिए झरने के पानी का इस्तेमाल न करें और इसके बजाय अगले निर्देश तक केवल नल के पानी का इस्तेमाल करें. घाटी के अनंतनाग जिले के गुटलीगुंड गांव में 27 लोग पीलिया की चपेट में आ गए, जिनमें अधिकर बच्चे थे. अधिकारियों ने पीलिया फैलने का कारण स्थानीय लोगों द्वारा दूषित पानी पीने की आशंका जाहिर की. सरकार ने सामूहिक बीमारी के कारणों की जांच के लिए पांच सदस्यीय विशेषज्ञ दल का गठन किया है. संभावित स्रोत की पहचान करने, निवारक उपायों को लागू करने और आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल हस्तक्षेप प्रदान करने और इस महीने के अंत तक जीएमसी अनंतनाग के प्रिंसिपल को एक कार्य योजना प्रस्तुत करने का काम सौंपा गया है.

# हिमाचल में शीतलहर से होगा फरवरी का आगाज; बारिश-बर्फवारी का अलर्ट जारी

**शिमला, एजेंसी।**

हिमाचल प्रदेश में सर्दी का कहर बढ़ने वाला है। आज बुधवार को मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। प्रदेश के उच्च पर्वतीय इलाकों में बादल छाए हैं। वहीं शिमला, मनाली और मैदानी क्षेत्रों में भी मौसम खराब बना हुआ है। जनजातीय इलाकों में आज से बर्फबारी का दौर शुरू होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने एक हफ्ते बादलों के बरसने का अनुमान जताया है, जिससे राज्य भर में फरवरी की शुरुआत कड़ाके की ठंड, बर्फबारी और तेज अंधड़ के साथ होगी। इसके चलते आगामी चार फरवरी तक प्रदेश में मौसम खराब रहने के आसार हैं। 31 जनवरी और 1 फरवरी को अंधड़ और बिजली गिरने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान पहाड़ी इलाकों में भारी बर्फबारी की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार 1 फरवरी से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिससे शिमला, चंबा, लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लू और कांगड़ा के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी के आसार बनेंगे। वहीं हिल स्टेशनों शिमला, कुफरी, मनाली और डलहौजी में बर्फ की सफेद चादर बिछ सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार फरवरी के पहले हफ्ते में पश्चिमी विक्षोभ के कारण भारी बर्फबारी और तेज़ हवाओं का दौर शुरू होगा। इससे ऊंचे इलाकों में जहां बर्फबारी होगी वहीं निचले और मैदानी इलाकों में बारिश के साथ तेज़ हवाएं चलेंगी। आसमानी बिजली गिरने का भी अलर्ट जारी किया गया है। इस कारण लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। दो से चार फरवरी तक बर्फबारी और बारिश का दौर जारी रहेगा। इस साल जनवरी में हिमाचल प्रदेश में बारिश बेहद कम हुई है। 1 से 28 जनवरी के बीच राज्य में सामान्य से 81 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई। इस अवधि में सामान्य रूप से



75.5 मिमी बारिश होनी चाहिए थी, लेकिन इस बार महज 14.7 मिमी ही दर्ज हुई। प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश की भारी कमी दर्ज की गई है। बिलासपुर में 94 फ़ीसदी चंबा में 83 फीसदी, हमीरपुर में 93 फ़ीसदी कांगड़ा में 93 फ़ीसदी, किन्नौर में 92 फीसदी, कुल्लू में 73 फीसदी, लाहौल-स्पीति में 71 फीसदी, मंडी में 83 फ़ीसदी, शिमला में 79 फ़ीसदी, सिरमौर में 78 फ़ीसदी, सोलन में 92 फीसदी और ऊना में 95 फीसदी कम बारिश हुई है।

**तापमान में उछाल, कई शहरों में टूटे रिकॉर्ड:** बारिश की कमी और धूप खिलने के कारण प्रदेश के कई शहरों में अधिकतम तापमान में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। अधिकतम तापमान ने 34 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। जनवरी 1991 में यहां का अधिकतम तापमान 28.4 डिग्री दर्ज हुआ था, जबकि इस मंगलवार को यह 27.6 डिग्री तक पहुंच गया। शिमला और कांगड़ा में भी अधिकतम तापमान बढ़ा है। शिमला में जनवरी 2018 में अधिकतम तापमान 20.6 डिग्री था, जबकि इस बार यह 20.2 डिग्री रहा। इसी तरह कांगड़ा में जनवरी 2018 में तापमान 24.5 डिग्री था, जो मंगलवार को 24.4 डिग्री दर्ज किया गया।






विवाह में सलमान की जगह शाहिद क्यों बने प्रेम...

## 19 साल बाद

# सूरज बड़जात्या ने खोल दिया राज

**सलमान** खान और फिल्म निर्देशक सूरज बड़जात्या की जोड़ी ने कई सुपरहिट फिल्में दी हैं। इनमें मैंने प्यार किया, हम आपके हैं कौन और हम साथ साथ हैं जैसी फिल्में शामिल हैं। इन फिल्मों में अभिनेता का नाम प्रेम था। हालांकि, जब सूरज बड़जात्या ने अपनी फिल्म विवाह बनाई तो उसमें उन्होंने प्रेम के रूप में सलमान खान की जगह शाहिद कपूर को कास्ट किया। इस के पीछे की वजह का सूरज ने हाल ही में खुलासा किया है।

### विजन से कभी नहीं किया समझौता

हाल ही में एक बातचीत के दौरान सूरज बड़जात्या ने बताया कि क्यों उन्होंने सलमान खान के बजाय शाहिद कपूर को विवाह में कास्ट किया। सूरज ने कहा, मैंने अपनी फिल्म निर्माण यात्रा की शुरुआत से ही कभी अपने विजन से समझौता नहीं किया।

### विवाह के लिए ऐसे सितारे की थी जरूरत

सूरज का मानना था कि प्रेम के किरदार के लिए किसी ऐसे अभिनेता की जरूरत थी जो मासूमियत और युवावस्था का प्रतीक हो और सलमान उस समय उस किरदार के लिए उपयुक्त नहीं लग रहे थे। विवाह की कहानी शुरू करने से पहले सूरज बड़जात्या की पिछली फिल्म मैं प्रेम की दीवानी हूं बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई थी। इस फिल्म में करीना कपूर, अभिषेक बच्चन और ऋतिक रोशन मुख्य भूमिका में थे।

### मैं प्रेम की दीवानी हूं के बाद सलमान से किया था संपर्क

इसके बाद सूरज बड़जात्या ने सलमान खान से संपर्क किया था और दोनों ने एक प्रोजेक्ट पर पर काम करने की योजना बनाई। हालांकि, उस समय सूरज के पास सलमान के लिए कोई खास कहानी नहीं थी, क्योंकि वह अपने पिता से मिले एक स्क्रिप्ट पर काम कर रहे थे।

### शाहिद लगे किरदार के लिए ज्यादा उपयुक्त

सूरज ने इस बारे में कहा कि जब विवाह के लिए कास्टिंग की बात आई तो उन्होंने शाहिद कपूर को इसलिए चुना क्योंकि वह उस किरदार में मासूमियत और युवा दिखने के साथ अधिक फिट बैठते थे। सूरज को लगा था कि सलमान एक बड़े स्टार होने की उस किरदार में फिट नहीं होंगे। उन्होंने कहा, इसमें भोलेपन चाहिए, उम्र चाहिए और उम्र तो किसी की रुकने वाली नहीं है।



# सलमान की राखी सिस्टर का हुआ एक्सीडेंट, चेहरे की हालत देखकर घबराए फैंस

**सलमान** खान की राखी सिस्टर श्वेता रोहिरा का दर्दनाक एक्सीडेंट हो गया है। श्वेता वैसे तो सोशल मीडिया पर बहुत कम ही एक्टिव रहती हैं, लेकिन मंगलवार को उनके सोशल मीडिया अकाउंट ने फैंस का ध्यान खींचा। उन्होंने तस्वीर शेयर की, इसमें वे अस्पताल के बिस्तर पर बैठी नजर आ रही हैं। उनकी हालत काफी गंभीर है। श्वेता के पैर पर प्लास्टर है और होठ पर भी पट्टी बंधी दिख रही है। जल्द ही ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने लगीं।

### सुनाई दर्द भरी कहानी

इस तस्वीर ने फैंस को काफी परेशान कर दिया है। पोस्ट पर श्वेता ने लिखा- जिंदगी हमारे लिए सरप्राइज लेकर आती है न? एक मोमेंट में हम कल हो न हो गुनगुना रहे होते हैं और अपने दिन की प्लानिंग करते रहते हैं। दूसरे ही पल कुछ और हो जाता है। जिंदगी कहती है रुको! मेरी चाय पकड़ो मैं रास्ते में एक बाइक भेजती हूं। उन्होंने लिखा, मेरी कोई गलती नहीं थी, मैंने खुद को उड़ते हुए देखा और इसके बाद मैं तेजी से जमीन पर गिर गई।

### जिंदगी को लेकर बयां की बात

उन्होंने पोस्ट पर लिखा- मैं अब अपना काम भी नहीं कर पाऊंगी, शायद प्रकृति मुझे कोई सबक सिखाना चाह रही थी। मैं इस हॉस्पिटल ड्रामा से जूझ रही हूं। एक सच है कि जीवन में आपको बुरी तरह तोड़ने की कोशिश की जाती है ताकि आप फिर से जुड़ने के साथ और मजबूत हो जाएं। मैं इससे परेशान हूं, लेकिन मैं जानती हूं कि ये एक सबक है, मेरी पूरी जिंदगी नहीं।

### फैंस से किया वादा

श्वेता ने पोस्ट पर लिखा, मैं अस्पताल के बेड पर हम्प्टी-डम्प्टी लग रही होऊंगी, लेकिन जल्दी वापसी करूंगी। नया गाना गुनगुनाते हुए। श्वेता का ये हाल देखने के बाद उनके फैंस और सेलिब्रिटी दोस्त हैरान हैं और उनके जल्द से जल्द ठीक होने की दुआ कर रहे हैं।



## इन तस्वीरों से मिला इशारा

# क्या चुम दरांग संग अपने रिश्ते पर करण वीर ने लगाई मुहर?

**बिग बॉस 18 के विनर करण वीर मेहरा और कंटेस्टेंट चुम दरांग शो खत्म होने के बाद भी सोशल मीडिया पर काफी लाइमलाइट में हैं। शो के दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ी थी। फैंस के मन में सवाल था कि शो से बाहर आने के बाद भी क्या ये साथ दिखेंगे? हाल ही में दोनों को फराह खान के साथ एक पार्टी में साथ देखा गया। इस पार्टी की कुछ तस्वीरें, इंस्टाग्राम स्टोरी करण ने फैंस के साथ शेयर की। एक तस्वीर में गौर से देखने पर ऐसा लगा कि वह अपने और चुम दरांग के रिश्ते को ऑफिशियली एक्सेप्ट कर चुके हैं।**

**टीवी** एक्टर करण वीर मेहरा रियालिटी शो बिग बॉस 18 में बतौर प्रतियोगी शामिल हुए, इसी शो में फिल्म एक्ट्रेस चुम दरांग भी बतौर कंटेस्टेंट आई थीं। आखिर में विनर करण वीर मेहरा बने और चुम दरांग ने टॉप 5 में अपने लिए जगह बनाई। इसी शो के दौरान इनके बीच एक नया रिश्ता बना, जो दर्शकों को भी पसंद आया। शो से बाहर आने के बाद भी इनके बीच का यह नया रिश्ता कायम हैं। दोनों को हाल ही में फराह खान की पार्टी में देखा गया। यह पार्टी जावेद अख्तर के बर्थ डे सेलिब्रेशन की थी, जो फराह ने अरेंज की थी। इसी पार्टी से जुड़ी एक इंस्टाग्राम स्टोरी करण वीर मेहरा ने शेयर की। इस फोटो में कुछ ऐसी खास बातें थीं जो बता रही थीं कि ये दोनों प्यार में हैं और अपने रिश्ते को दुनिया के सामने स्वीकार कर चुके हैं।

**परछाईं वाली फोटो- रोमांटिक गाना और एक दिल**

करण वीर मेहरा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर जो फोटो शेयर की है, उसमें उनकी और चुम दरांग की परछाईं वाली फोटो दिख रही है, एक रोमांटिक गाना बैकग्राउंड में बज रहा है।

साथ ही इस फोटो के साथ 'चुमवीर' का हैशटैग भी और उसके साथ एक हार्ट का इमोजी बना है। शो के दौरान करण और चुम दरांग के फैंस ने उन्हें एक प्यार भरा नाम दिया था, चुमवीर। इसी नाम को करण ने फोटो में यूज किया। इस तरह कहीं ना कहीं वह अपने प्यार में होने का ऐलान कर रहे हैं।



# अमावस्या पर एकता ने रखा मौन व्रत

**मौनी** अमावस्या के अवसर पर टेलीविजन और फिल्म निर्माता एकता कपूर ने मौन व्रत रखा है। एकता ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने सभी को अमावस्या के दौरान मौन रहने का इशारा किया। सोशल मीडिया पर एक्टिव एकता कपूर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह सभी से मौन रहने का इशारा करती नजर आईं। उन्होंने शेयर किए गए वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, मौनी अमावस्या पर कृपया मौन रहें। बता दें, मौनी अमावस्या पर लोग मौन रहकर ईश्वर की आराधना करते हैं। ऐसा माना जाता है कि इससे आध्यात्मिक विकास, आशीर्वाद और मोक्ष की प्राप्ति होती है। एकता कपूर अक्सर मंदिर जाया करती हैं, जिसकी झलक वह कई बार फैंस को सोशल मीडिया के माध्यम से दिखा चुकी हैं। एकता कपूर इससे पहले पुरी पहुंची थीं, जहां उन्होंने भगवान जगन्नाथ के दर्शन किए थे। एकता ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किया था।

इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर कर एकता कपूर ने कैप्शन में लिखा था, जगन्नाथ पुरी, जय गोविंदा। वीडियो में वह मंदिर के शिखर के सामने हाथ जोड़े खड़ी नजर आ रही हैं। कपूर के साथ वीडियो में फिल्म निर्माता अंशुल मोहन भी नजर आए थे। एकता कपूर के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी पिछली फिल्म द साबरमती रिपोर्ट थी, जिसे सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। गुजरात के गोधरा कांड पर बनी द साबरमती रिपोर्ट को देश भर के कई राज्यों में टैक्स फ्री भी किया गया था।

# प्रकाश राज ने महाकुंभ में किया अमृत स्नान?

सनातन धर्म के महापर्व 'महाकुंभ' के गौरवशाली क्षण का लुत्फ उठाने के लिए देश-विदेश से श्रद्धालु प्रयागराज पहुंच रहे हैं. बुधवार को मौनी अमावस्या के मौके पर अमृत स्नान के लिए करोड़ों की संख्या में लोग संगम तट पर जुटे. इसी बीच कई बॉलीवुड स्टार्स भी महाकुंभ में संगम में डुबकी लगाने पहुंचे. अब साउथ और हिंदी फिल्मों के मशहूर अभिनेता प्रकाश राज की संगम में डुबकी लगाते हुए नजर आए हैं. हालांकि, एक्टर ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस कि ये तस्वीर फर्जी है. पोस्ट में उन्होंने यह भी लिखा है कि वह फर्जी फोटो शेयर करने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन लेंगे.



मशहूर अभिनेता प्रकाश राज ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल के जरिए उन लोगों पर निशाना साधा है, जो उनकी संगम में डुबकी लगाते हुए फर्जी तस्वीर शेयर कर रहे हैं. इस वायरल हो रही तस्वीर को AI की मदद से तैयार किया गया है. साथ ही उन्होंने इस मामले के खिलाफ शिकायत भी दर्ज करा दी है. एक्टर ने फोटो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा- 'फेक न्यूज अलर्टज कट्टरपंथियों और 'फेकू महाराज' की कायर सेना का आखिरी सहारा है झुकना और फेक न्यूज फैलाना.. यहां तक कि उनके पवित्र समारोह के दौरान भी.. कितनी शर्म की बात है..



## फरवरी में सात फेरे लेंगी

# 'भाग्यलक्ष्मी' फेम एक्ट्रेस मायरा, बोलीं- 3 महीने का ब्रेक लूंगी

**अभिनेत्री** मायरा मिश्रा ने शादी के बाद एक्टिंग से ब्रेक लेने का विचार बना लिया है। अभिनेत्री अपनी शादीशुदा जिंदगी को पूरी तरह ले एंजॉय करने के लिए यह फैसला ले रही हैं। टीवी अभिनेत्री मायरा मिश्रा ने पिछले साल अप्रैल में डर्मेटोलॉजिस्ट राजुल यादव से सगाई की थी। 21 फरवरी को दोनों दिल्ली में शादी के बंधन में बंधेंगे। अभिनेत्री को 'भाग्यलक्ष्मी' सीरीज में मलिश्का की भूमिका के लिए जाना जाता है। लगभग साढ़े तीन साल इस शो का हिस्सा रहने के बाद अभिनेत्री अब इससे ब्रेक लेना चाहती हैं। आइए जानते हैं इसके पीछे की वजह?

अभिनेत्री ने शो से ब्रेक लेने की घोषणा की और बताया कि वह ब्रेक क्यों ले रही हैं। अभिनेत्री ने कहा, मैं कुछ समय अपने लिए लेना चाहती हूं, ताकि अपनी शादीशुदा जिंदगी को एंजॉय और एडजस्ट कर सकूं। मैं और राजुल लॉन्ग डिस्टेंस रिलेशनशिप में रहे हैं। मैं मुंबई और दिल्ली के बीच चक्कर लगाने की बजाय उनके परिवार के साथ समय बिताना चाहती हूं। मैंने अपनी जिंदगी के नए अध्याय पर फोकस करने के लिए तीन महीने का ब्रेक ले रही हूं।

शुरू में अभिनेत्री अपनी शादी के बाद जगह बदलने की सोच रही हैं। वह दिल्ली में इंटिरियर और मेकअप इंडस्ट्री में लिमिटेड फॉर्मेट के शोज करेंगी। अभिनेत्री ने खुलासा किया कि राजुल की दादी उन्हें काम जारी रखने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने कहा, राजुल की दादी मुझे काम जारी रखने के लिए प्रेरित करती हैं। हम मुंबई और दिल्ली के बीच के समय को बराबर बांटने की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे।

# बड़े पर्दे पर धमाल मचाने की तैयारी में रवि तेजा, इस मशहूर निर्देशक के साथ मिलाया हाथ!



**मास** महाराजा के नाम से मशहूर रवि तेजा जल्द ही नई फिल्म मास जतारा में नजर आने वाले हैं। यह एक एक्शन-कॉमेडी फिल्म है, जिसका निर्देशन भानु भोगवरपु ने किया है। हाल ही में फिल्म की झलकियां साझा की गई थी, जिसमें रवि तेजा के पुराने अंदाज की झलक देखने को मिली। इसे देखने के बाद उनके फैंस के बीच फिल्म को लेकर उत्साह और बढ़ गया है। हालांकि, फिल्म की रिलीज डेट अभी तक घोषित नहीं की गई है, लेकिन खबरें हैं कि इसे 2025 की गर्मियों के महीने में रिलीज किया जा सकता है।

### रवि तेजा की फिल्म पर आया अपडेट

इस बीच रवि तेजा की एक ओर फिल्म पर बड़ा अपडेट आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रवि तेजा अब चर्चित निर्देशक कल्याण शंकर के साथ काम करने जा रहे हैं। एक हालिया रिपोर्ट के मुताबिक रवि तेजा को कल्याण शंकर की स्क्रिप्ट बेहद पसंद आई, जिसके बाद उन्होंने तुरंत ही इस प्रोजेक्ट के लिए अपनी सहमति दे दी। यह फिल्म सितारा एंटरटेनमेंट्स की ओर से प्रोड्यूस की जाएगी। फिल्म की शूटिंग इस साल के अंत तक शुरू होने की संभावना है।



# अभिनेत्री किटू गिडवानी ने महाकुंभ को बताया 'शानदार आध्यात्मिक अनुभव'

फिल्म और टीवी जगत की सफल अभिनेत्री किटू गिडवानी बुधवार को प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में पहुंचीं। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने महाकुंभ को 'शानदार आध्यात्मिक अनुभव' बताया। सोशल मीडिया पर एक्टिव अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम हैंडल पर आध्यात्मिक यात्रा को शानदार बताते हुए एक वीडियो शेयर किया। संगम में पवित्र डुबकी लगाने के साथ अभिनेत्री ने भावनाओं को व्यक्त करते हुए अनुभव को बिल्कुल शानदार और जादुई बताया। क्लिप में अभिनेत्री ने कुंभ मेले के शांत वातावरण के बारे में बात की। उन्होंने कहा, नमस्ते दोस्तों, मैंने अभी संगम पर गंगा में पवित्र डुबकी लगाई है और यह एक बिल्कुल शानदार आध्यात्मिक अनुभव रहा है। पूरा कुंभ मेला अविश्वसनीय है - हर कोई शांत है, आनंद ले रहा है और गंगा माता से प्रार्थना कर रहा है। अभिनेत्री ने कहा, बुनियादी ढांचा काफी अच्छा है। हम एक बहुत ही आरामदायक शिविर में हैं, बढ़िया भोजन का आनंद ले रहे हैं और सब कुछ अच्छी तरह से व्यवस्थित है। आपको बस भीड़ के बीच से गुजरना है। लेकिन, यही आपके लिए भारत है। मेरा अनुभव जादुई रहा है। यह महाकुंभ है, हर-हर गंगे। वीडियो के अलावा, अभिनेत्री ने स्थानीय लोगों के साथ अपनी एक तस्वीर भी पोस्ट की। महाकुंभ में फिल्म जगत के कई सितारे शिरकत कर चुके हैं। फिल्म निर्माता कबीर खान, कॉमेडियन-अभिनेता सुनील ग्रोवर, गुरु रंधावा, अविनाश तिवारी, ममता कुलकर्णी, अनुपम खेर, भाग्यश्री, रेमो डिसूजा, सिद्धार्थ निगम, प्रियंका चोपड़ा की मां मधु चोपड़ा समेत कई मशहूर हस्तियां इस भव्य आध्यात्मिक समागम में भाग ले चुकी हैं।

# अरमान मलिक की दोनों पत्नियां पायल और कृतिका हुई अलग



पॉपुलर यूट्यूबर अरमान मलिक अपनी दोनों शादियों को लेकर अक्सर विवादों में घिरे रहते हैं. उनकी पत्नियां कृतिका और पायल मलिक अपने व्लॉग्स के जरिए डे टूडे डिटेल्स शेयर करती रहती हैं. जहां वह अपने बच्चों से लेकर बिजनेस तक का अच्छे से ख्याल रखती हैं. हालांकि अब ऐसा लगता है कि दोनों ने अपनी जिम्मेदारियां बांट ली हैं और बंटवारा करने का फैसला किया.

अरमान ने अपने यूट्यूब वीडियो में इस बारे में खुलासा किया है. वीडियो में अरमान ने बताया कि उनकी दोनों पत्नियां पायल और कृतिका अलग रहना चाहती हैं. कृतिका जहां बिजनेस संभालना चाहती हैं, वहीं पायल का ध्यान बच्चों की देखभाल पर है. बातचीत के दौरान अरमान ने पायल से पूछा कि क्या वह घर पर रहकर बच्चों की देखभाल करने के लिए तैयार है.

- साभार एजेंसी

नेशनल गेम्सः

## राष्ट्रीय खेलों में पहले दिन कर्नाटक का रहा दबदबा, 14 वर्षीय देसिंघु ने तरणताल में मचाई धूम

**देहरादून, एजेंसी।** पहला दिन निश्चित रूप से कर्नाटक की देसिंघु के नाम रहा जिन्होंने महिलाओं की 200 मीटर फ़्रीस्टाइल स्पर्धा में दो मिनट और 3.24 सेकंड के खेलों के रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाली भारत की



सबसे युवा खिलाड़ी चौदह वर्षीय धीनिधि देसिंघु ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय खेलों की तैराकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक जीतकर सुर्खियां बटोरीं जबकि कर्नाटक पांच स्वर्ण पदक जीतकर पहले दिन पदक तालिका में शीर्ष पर रहा। कर्नाटक ने पहले दिन सात पदक (पांच स्वर्ण, दो रजत) जीते जबकि मणिपुर (चार स्वर्ण, चार रजत) दूसरे और महाराष्ट्र (दो स्वर्ण, तीन रजत, तीन कांस्य) तीसरे स्थान पर है।

पहला दिन निश्चित रूप से कर्नाटक की देसिंघु के नाम रहा जिन्होंने महिलाओं की 200 मीटर फ़्रीस्टाइल स्पर्धा में दो मिनट और 3.24 सेकंड के खेलों के रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। कर्नाटक की इस तैराक ने इसके अलावा महिलाओं की 100 मीटर बटरफ्लाई और 4म100 मीटर फ्रीस्टाइल में भी स्वर्ण पदक जीते। पेरिस ओलंपियन श्रीहरि नटराज ने हल्द्वानी के गोलापार में मानसखंड तरणताल में तैराकी प्रतियोगिताओं के शुरुआती दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल और पुरुषों की 4म100 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक जीते।

महिलाओं की 200 मीटर फ्रीस्टाइल में दिल्ली की भव्या सचदेवा (2ः08.68) और महाराष्ट्र की अदिति सतीश हेगड़े (2ः09.74) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। महिलाओं की 100 मीटर बटरफ्लाई में देसिंघु ने 1ः03.62 का समय निकाला और दिन में दूसरी बार पोडियम के शीर्ष पर पहुंची। कर्नाटक की ही नायशा शेट्टी (1ः04.81) ने रजत जबकि ओडिशा की सृष्टि उपाध्याय (1ः05.20) ने कांस्य पदक जीता। देसिंघु ने इसके बाद नीना वेंकटेश, शालिनी आर दीक्षित और लतीशा मंधाना के साथ मिलकर 4:01.58 के समय के साथ कर्नाटक को महिलाओं की 4म100 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक दिलाया।

महाराष्ट्र (4:02.17) और तमिलनाडु (4:08.81) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। कर्नाटक ने पुरुषों की 4म100 मीटर फ्रीस्टाइल में श्रीहरि नटराज, अनीश एस गौड़ा, आकाश मणि और चिनतन एस शेट्टी की टीम के साथ 3:26.26 का समय लेकर राष्ट्रीय खेलों का नया रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता। तमिलनाडु (3:29.92) और गुजरात (3:32.23) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक हासिल किया।

रंजी ट्राफीः

## शार्दुल ठाकुर ने अब गेंद से बरपाया कहर, मेघालय के खिलाफ हैट्रिक ली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने गुरुवार (30 जनवरी) को मुंबई के शरद पवार क्रिकेट एकेडमी बीकेसी में रणजी ट्रॉफी 2024-25



मैच के पहले दिन मेघालय के खिलाफ हैट्रिक लेकर कहर बरपाया। मेघालय के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लेने वाली मुंबई की ओर से गेंदबाजी की शुरुआत करते हुए शार्दुल ठाकुर ने पहले ओवर में ओपनर निशांत चक्रवर्ती को चौथी गेंद पर पहला विकेट लिया। पारी के तीसरे ओवर आखिरी तीन गेंदों पर विकेट लेकर हैट्रिक पूरी की।

भारत-इंग्लैंड टी-20ः

# भारतीय टीम को रहना होगा अलर्ट...

## पुणे में फिर पलटवार कर सकती है इंग्लैंड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम इस समय अपने घर में इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज खेल रही है. अब तक तीन मुकाबले हो चुके हैं, जिसमें भारतीय टीम 2-1 से आगे है. अब चौथा मुकाबला शुक्रवार (31 जनवरी) को खेला जाएगा. यह मैच पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में होगा. तीसरे मैच में भारतीय टीम को 26 रनों से हार झेलनी पड़ी थी. यह मुकाबला राजकोट में हुआ था. मगर अब सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टीम के लिए एक और खतरे की घंटी बज गई है. यह पुणे स्टेडियम में भारतीय टीम का रिकॉर्ड है.







दरअसल, पुणे के इस मैदान पर भारतीय टीम ने अब तक 4 टी20 मैच खेले हैं, जिसमें से 2 में जीत मिली है, जबकि 2 में टीम इंडिया को हार झेलनी पड़ी है. इसमें भी एक खास बात ये है कि इस मैदान पर भारतीय टीम जो आखिरी टी20 मैच खेला था, उसमें उसे हार झेलनी पड़ी थी.

पुणे में पिछला मैच हारी थी टीम इंडिया

टीम इंडिया ने पुणे में आखिरी टी20 मैच 5 जनवरी 2023 को श्रीलंका के खिलाफ खेला था. इस मैच में भारतीय टीम को 16 रनों से हार झेलनी पड़ी थी. ऐसे में यदि सूर्या ब्रिगेड ने पिछले मैच से सबक लेते हुए सुधार नहीं किए तो पुणे में टीम को हार का मुंह देखना पड़ा सकता है. यानी राजकोट के बाद इंग्लैंड फिर से पलटवार कर सकती है. इंग्लिश टीम की बात करें तो उसने यहां पुणे के मैदान पर अब तक एक ही मैच खेला है. यह मुकाबला 20 दिसंबर 2012 को हुआ था. यह इस मैदान पर भारत और इंग्लैंड दोनों का पहला ही मैच था. उस मुकाबले में भारतीय टीम को 5 विकेट से जीत मिली थी. इसके बाद भारतीय टीम ने बाकी ीनों मैच श्रीलंका के खिलाफ खेले, जिसमें से 2 जीते और एक हारा है.

इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टीम का पलड़ा भारी

इंग्लैंड के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल में भारतीय टीम का पलड़ा भारी रहा है. दोनों टीमों के बीच अब तक 27 टी20 मुकाबले खेले गए हैं. इसमें भारतीय टीम ने 15 मैच जीते, जबकि 12 में इंग्लैंड को सफलता मिली है. इस तरह जब भी दोनों टीमें आमने-सामने आती हैं, तब भारतीय टीम का पलड़ा ज्यादा भारी दिखा है.

**भारत-इंग्लैंड के बीच टी20 में हेड-टू-हेड**

कुल टी20 मैच - 27
भारत जीता- 15
इंग्लैंड जीता- 12

### टी20 सीरीज के लिए भारत-इंग्लैंड के स्क्वॉड

**भारतीय टीमः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल (उप-कप्तान), हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, वॉशिंगटन सुंदर और ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर).

**इंग्लिश टीमः** जोस बटलर (कप्तान), रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, बेन डकेट, जेमी ओवर्टन, जेमी स्मिथ, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, साकिब महमूद, फिल साल्ट और मार्क वुड.

## रिटायरमेंट के 6 साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी के प्रोमो में दिखे Dhoni, फैंस बोले- मजा आ गया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का नया प्रोमो रिलीज हुआ है जिसमें महेंद्र सिंह धोनी का रूप देखकर फैंस बेहद खुश हैं। टीम इंडिया ने आखिरी बार महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में ही साल 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। इस ट्रॉफी के साथ ही धोनी तीनों आईसीसी ट्रॉफीज (वनडे, टी20 और चैंपियंस ट्रॉफी) जीतने वाले दुनिया के पहले कप्तान बन गए थे। अब उनकी एक प्रोमो के जरिए वापसी हुई है। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी शुरू होने में तीन हफ्ते से भी कम समय रह गया है, ऐसे में पूर्व भारतीय विजेता कप्तान को देखकर फैंस बेहद खुश नजर आए।



प्रोमो जब खुलता है तो दर्शक पाते हैं कि कैसे धोनी बर्फीली हवाओं के बीच बैठे हैं और चैंपियंस ट्रॉफी पर बात करते नजर आते हैं। विज्ञापन में धोनी कहते हैं, जब मैं कप्तान था तो कूल रहना आसान था। लेकिन प्रशंसक बनकर आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी देखना? नहीं। भले ही हमारी टीम मजबूत है, भले ही हम यहां एक मैच भी हार जाएं, तो हम बाहर हो जाएंगे। तनाव ने तापमान इतना बढ़ा दिया है। हर मैच करो या मरो का है। इस प्रोमो के दौरान दौरान धोनी को रैफरल लेते हुए भी दिखाया जाता है। तभी एक ट्रक आता है और बहुत सारी बर्फ धोनी पर ओढेलकर चला जाता है।

उक्त प्रोमो पर जमकर कमेंट्स भी आए। जहां कई फैंस ने प्रोमो पर कैप्टन कूल लिखा तो कईयों ने धोनी की इस अदा को सराहा। एक फैन ने लिखा- चैंपियंस ट्रॉफी के प्रचार वीडियो में महान एमएस धोनी, जिन्हें थाला के नाम से भी जाना जाता है, अपने ब्रांड और कौशल का प्रदर्शन करते हुए दिखाई दे रहे हैं। बता दें कि चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम इस बार रोहित शर्मा की कप्तानी में खेलने जा रही है। भारत का अभियान बांग्लादेश के खिलाफ मैच से शुरू होगा। लेकिन इससे पहले टीम इंडिया इंग्लैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलेगी। इस दौरान विराट कोहली और रोहित शर्मा पर बराबर नजरें होंगी। क्योंकि दोनों की हालिया फार्म इतनी अच्छी नहीं है। रोहित का वनडे सीरीज में प्रदर्शन उनका भविष्य भी तय कर सकता है।

## जोश इंगलिस ने डेब्यू टेस्ट में ठोका दूसरा सबसे तेज शतक

**गाले, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज जोश इंग्लिस ने गुरुवार को श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के



दूसरे दिन अपने डेब्यू टेस्ट मैच में 93 गेंदों पर 102 रनों की तूफानी पारी खेली। इंग्लिस ने अपना पहला टेस्ट शतक सिर्फ 90 गेंदों पर पूरा किया, जिससे यह क्रिकेट इतिहास में टेस्ट डेब्यू पर दूसरा सबसे तेज शतक बन गया। इससे पहले पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने 2013 में मोहाली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 85 गेंदों पर शतक बनाया था।

पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने वाले दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने शानदार अंदाज में गेंद को बैकफुट से पंच करके तीन रन के लिए अपना शतक पूरा किया। हालांकि वह कुछ ही देर बाद आउट हो गए, जब मेहमान टीम 600 के करीब पहुंच रही थी, तब लय बनाए रखने की कोशिश में उन्होंने कवर पर कैच दिया और 93 गेंदों पर 102 रन बनाकर अपनी पारी समाप्त की।

## हॉकी इंडिया ने प्रो लीग भुवनेश्वर चरण के लिए टीम घोषित की, अंगद, अर्शदीप सीनियर टीम में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के भुवनेश्वर चरण से पहले 32 सदस्यीय पुरुष टीम की घोषणा की, जो कलिंगा हॉकी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। अनुभवी ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह टीम की अगुआई करना जारी रखेंगे, जबकि उनके साथ डिप्टी हार्दिक सिंह होंगे। भारत अपने अभियान में 15 से 25 फरवरी तक स्पेन, जर्मनी, आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ मैच खेलेगा, जिसमें प्रत्येक टीम के साथ दो-दो मैच खेले जाएंगे। जूनियर टीम और मौजूदा हॉकी इंडिया लीग में प्रभावशाली प्रदर्शन ने 22 वर्षीय अंगद बीर सिंह और 20 वर्षीय अर्शदीप सिंह को आगामी एफआईएच प्रो लीग मैचों के लिए पहली बार सीनियर टीम में शामिल किया है। टीम में पहली पसंद के गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक के साथ सूरज करकेरा और प्रिंसदीप सिंह शामिल हैं।




जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, कप्तान हरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय, जुगराज सिंह, नीलम संजीप जेस, वरुण कुमार और यशदीप सिवाच डिफेंस में तैनात रहेंगे।

मिडफील्ड में टीम में राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, मनप्रीत सिंह, उप कप्तान हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, नीलकंठ शर्मा, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह और राजिंदर सिंह हैं। आक्रमण में अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, मनदीप सिंह, गुरजंत सिंह, बॉबी सिंह धामी, शिलानंद लाकड़ा, दिलप्रीत सिंह, अरायजीत सिंह हुंदल, उत्तम सिंह, अंगद बीर सिंह और अर्शदीप सिंह खेलेंगे।

टीम के चयन भारतीय पुरुष टीम के मुख्य कोच क्रेग फल्टन ने कहा, एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के आगामी भुवनेश्वर लेग मैचों के लिए हमने जो टीम चुनी है, उससे बेहद खुश हूं। मेरा मानना है कि यह टीम हमें मैच जिता सकती है, सामंजस्य बिठाकर खेल सकती है और सबसे महत्वपूर्ण बात, हॉकी का शानदार ब्रांड खेल सकती है। शिविर में खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षण लेने और अपने प्रो लीग अभियान को सही तरीके से शुरू करने के लिए उत्सुक हूं।

**टीमः**

**गोलकीपरः** कृष्ण बहादुर पाठक, सूरज करकेरा, प्रिंसदीप सिंह,

**डिफेंडरः** जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय, जुगराज सिंह, नीलम संजीप ज़ेस, वरुण कुमार, यशदीप सिवाच

**मिडफील्डरः** राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, नीलकंठ शर्मा, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह, राजिंदर सिंह

**फॉरवर्डः** अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, मनदीप सिंह, गुरजंत सिंह, अंगद बीर सिंह, बॉबी सिंह धामी, शिलानंद लाकड़ा, दिलप्रीत सिंह, अरजीत सिंह हुंदल, उत्तम सिंह, अर्शदीप सिंह।

## उस्मान ख्वाजा ने टेस्ट में लगाया दोहरा शतक, 38 की उम्र ऐसा करने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई बने

**गाले, एजेंसी।** उस्मान ख्वाजा टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले 38 साल या उससे अधिक उम्र के दूसरे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बनकर महान डोनाल्ड ब्रैडमैन के साथ अपना नाम दर्ज करा लिया। ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज ख्वाजा ने गुरुवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन टेस्ट क्रिकेट में अपना पहला दोहरा शतक लगाया।



ख्वाजा श्रीलंका में दोहरा शतक लगाने वाले एकमात्र ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी भी हैं। इससे पहले उन्होंने कोलंबो में 2004 में जस्टिन लैंगर द्वारा बनाए गए 166 रनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा था, जो श्रीलंका में किसी ऑस्ट्रेलियाई द्वारा बनाया गया सर्वोच्च स्कोर था। वह 2006 में बांग्लादेश के खिलाफ जेसन गिलेस्पी के प्रसिद्ध 201 नाबाद के बाद एशिया में दोहरा शतक बनाने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई बन गए। टेस्ट में दोहरा शतक बनाने वाले अन्य खिलाड़ी मैथ्यू हेडन (चेन्नई में भारत के खिलाफ नाबाद 201), डीन जोन्स (1986 में मद्रास में बराबरी पर रहे टेस्ट में भारत के खिलाफ 210), ग्रेग चैपल (1980 में फैसलाबाद में पाकिस्तान के खिलाफ 235 और मार्क टेलर (1998 में पेशावर में पाकिस्तान के खिलाफ 334 नाबाद) हैं।

अंडर-19 विश्व कपः

## सेमीफाइनल में भारत का पलड़ा इंग्लैंड पर भारी




**कुआलालंपुर, एजेंसी।** भारतीय टीम अंडर 19 महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ उतरेगी तो टूर्नामेंट का अपना अपराजेय अभियान जारी रखना उसका लक्ष्य होगा। पहले मैच में मेजबान मलेशिया को दस विकेट से हराने के बाद भारत ने श्रीलंका को 60 रन से और बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया। वहीं सुपर सिक्स चरण में स्कॉटलैंड को 150 रन से मात दी।

निक्की प्रसाद की कप्तानी वाली टीम के लिए स्कॉटलैंड के खिलाफ जी तृषा ने 59 गेंद में 110 रन बनाए जिसमें 13 चौके और चार छक्के शामिल थे। वहीं उनकी सलामी जोड़ीदार जी कमलिनी ने 42 गेंद में 51 रन की पारी खेली। तृषा टूर्नामेंट में पांच मैचों में 76.66 की औसत से 230 रन बना चुकी है। इंग्लैंड की बल्लेबाज डेविना पेरिन 131 रन बनाकर दूसरे स्थान पर है। भारत ने स्कॉटलैंड को सिर्फ 58 रन पर आउट कर दिया था। आयुषी शुक्ला ने आठ रन देकर चार, वैष्णवी शर्मा ने पांच रन देकर तीन और तृषा ने छह रन देकर तीन विकेट लिए। वैष्णवी अब तक 12 और आयुषी दस विकेट ले चुकी हैं।

### टीमें:

**भारतः** निक्की प्रसाद (कप्तान), सानिया शाल्के, जी तृषा, जी कमलिनी, भाविका अहिरे, ईश्वरी अवासरे, मिथिला विनोद, जोशिता वीजे, सोनम यादव, पारूनिका सिसोदिया, केसरी धृति, आयुषी शुक्ला, अनंदिता किशोर, एमडी शबनम, वैष्णवी एस।

**इंग्लैंडः** एबी नोरग्रोव (कप्तान), फीबी ब्रेट, ओलिविया ब्रिसडेन, टिली कोर्टीन कोलमैन, ट्रूडी जॉनसन, कैटी जोंस, चार्लोस लैम्बार्ट, इव ओनील, डेविना पेरिन, जेमिमा स्पेंस, चार्लोट स्टब्स, अमृता सुरेनकुमार, पृषा थानावाला, एरिन थॉमस, ग्रेस थाम्पसन।

# जेरी होलनेस भारतीय महिला 400 मीटर टीम के कोच बने

### ओलंपिक चैंपियन एलेन के मेंटर रह चुके

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय एथलेटिक्स के मुख्य कोच राधाकृष्णन नायर ने कहा, होलनेस तिरुवनंतपुरम में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र से जुड़ गए हैं। वह विश्व एथलेटिक्स के लेवल 5 के बहुत ही अनुभवी कोच हैं।

कई ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण पदक विजेता एलेन थॉम्पसन और नेस्टा कार्टर जैसे एथलीट का मार्गदर्शन करने वाले जमैका के मशहूर एथलेटिक्स कोच जेरी ली होलनेस को भारतीय महिला 400 मीटर टीम के कोच की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस साल कई महत्वपूर्ण प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी जिसे देखते हुए होलनेस को नियुक्त किया गया। वह सोमवार को केरल के तिरुवनंतपुरम में 'लक्ष्मीबाई नेशनल कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन' में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र से जुड़ गए।

भारतीय एथलेटिक्स के मुख्य कोच राधाकृष्णन नायर ने कहा,




होलनेस तिरुवनंतपुरम में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र से जुड़ गए हैं। वह विश्व एथलेटिक्स के लेवल 5 के बहुत ही अनुभवी कोच हैं। उन्होंने जमैका में कुछ बेहतरीन एथलीट को कोचिंग दी है जिसमें ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता शामिल हैं। वह भारतीय महिला 400 मीटर और 400 मीटर बाधा दौड़ टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे जो इस समय तिरुवनंतपुरम में है। होलनेस का कार्यकाल शुरु में 2026 तक हागा और उनके प्रदर्शन के आधार पर इसे बढ़ाया भी जा सकता है। वह तिरुवनंतपुरम में हिमा दास, सुभा वेंकटेसन रूपल, किरण पहल और विथ्या रामराज जैसी एथलीट को कोचिंग देंगे। जमैका के 65 साल के होलनेस इस तरह स्टाशुक वालेरी की जगह लेंगे जो पेरिस ओलंपिक तक महिलाओं की 400 मीटर और 400 मीटर बाधा दौड़ के कोच थे।

# 64 लोगों को ले जा रहा यात्री विमान सेना के हेलीकॉप्टर से टकराया, 28 शव बरामद

» अर्लिंग्टन (अमेरिका), भाषा।

**वाशिंगटन के निकट रेनाल्ड रीगन राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय एक यात्री विमान बुधवार को सेना के एक हेलीकॉप्टर से टकरा गया जिससे उसपर सवार सभी 60 यात्रियों और चालक दल के चार सदस्यों की जान जाने की आशंका जताई जा रही है, फिलहाल 28 लोगों के शव बरामद किए गए हैं जिसमें एक शव हेलीकॉप्टर सवार व्यक्ति का है। परिवहन मंत्री सीन डफी ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त हुए अमेरिकन एयरलाइंस के विमान का मलबा पोटोमैक नदी में तीन टुकड़ों में पाया गया। इसके बाद से निकटवर्ती पोटोमैक नदी में बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू किया गया। वाशिंगटन डीसी के अग्निशमन प्रमुख जॉन डोनले ने बताया कि अमेरिकन एयरलाइंस के विमान पर सवार 27 यात्रियों और हेलीकॉप्टर सवार एक व्यक्ति के शव बरामद कर लिए गए हैं। उन्होंने विमान और हेलीकॉप्टर में सवार सभी यात्रियों के मारे जाने की आशंका जताई है। एक सैन्य अधिकारी ने बताया कि हेलीकॉप्टर में तीन सैनिक सवार थे। रोनाल्ड रीगन राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार को हुई टक्कर के कारण के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं मिल पाई, लेकिन हवाई अड्डे से सभी उड़ानें रोक दी गईं।**

दरअसल गोताखोर दल घटनास्थल की छानबीन कर रहे हैं तथा पूरे इलाके में कानून प्रवर्तन एजेंसियों के हेलीकॉप्टर शवों की खोज के लिए घटनास्थल के ऊपर से उड़ान भर रहे थे। नदी में जारी बचाव अभियान के दौरान की प्राप्त तस्वीरों में आंशिक रूप से डूबे हुए विमान के डैनों के चारों ओर नावें दिखाई दे रही थीं तथा ऐसा प्रतीत हो रहा था कि विमान का मुख्य ढांचा



क्षतिग्रस्त हो गया है। डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया की महापौर म्यूरियल बोसर ने बृहस्पतिवार की सुबह हवाई अड्डे पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम अपने साथी नागरिकों की तलाश करेंगे। कंसास से सीनेटर रोजर मार्शल ने कहा, जब एक व्यक्ति मरता है तो यह एक त्रासदी होती है, लेकिन जब बहुत सारे लोग मरते हैं तो असहनीय दुःख होता है।अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्हें रीगन राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुई इस भयावह दुर्घटना के बारे में पूरी जानकारी दी गई है। उन्होंने हादसे में मारे गए यात्रियों के संदर्भ में कहा, ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। विमान में सवार यात्रियों में फिगर स्केटिंग करने वालों का एक समूह, उनके प्रशिक्षक और परिवार के सदस्य शामिल थे, जो विचिटा में अमेरिकी फिगर स्केटिंग चैंपियनशिप के बाद आयोजित प्रशिक्षण शिविर से लौट रहे थे। यूएस फिगर स्केटिंग ने एक बयान में कहा, हम इस अकल्पनीय त्रासदी से स्तब्ध हैं और पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं।

क्रेमलिन ने विमान में सवार कोच में से दो की पहचान रूसी फिगर स्केटर एवगेनिया शिश्कोवा और वादिम नाओमोव के रूप में की, जिन्होंने 1994 के विश्व चैंपियनशिप में युगल खिताब जीता था और दो बार ओलंपिक में भाग लिया था। बोस्टन स्केटिंग क्लब ने उन्हें कोच के रूप में सूचीबद्ध किया है और उनका बेटा, मैक्सिम नॉमोव, अमेरिका के लिए एक प्रतिस्पर्धी फिगर स्केटर है। संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने बताया कि यह टक्कर पूर्वी मानक समयानुसार (ईएसटी) रात लगभग नौ बजे उस समय हुई, जब कंसास के विचिटा से उड़ान भरने वाला एक क्षेत्रीय विमान हवाई अड्डे के रनवे पर पहुंचते समय एक सैन्य ब्लैकहॉक हेलीकॉप्टर से टकरा गया। हेलीकॉप्टर ने प्रशिक्षण उड़ान भरी थी। यह घटना विश्व के सबसे अधिक सुरक्षा वाले हवाई क्षेत्र में घटी, जो व्हाइट हाउस और कैपिटल से लगभग तीन मील दूर दक्षिण में स्थित है। जांचकर्ता विमान की टक्कर से पहले के अंतिम क्षणों की कड़ियों को जोड़ने का प्रयास करेंगे, जिसमें हवाई यातायात नियंत्रकों के साथ संपर्क तथा यात्री जेट द्वारा ऊंचाई खोना भी शामिल है। विमान के रेडियो ट्रांसपोंडर से मिले डेटा के अनुसार, अमेरिकन एयरलाइंस की उड़ान संख्या 5342 लगभग 400 फुट की ऊंचाई से करीब 140 मील प्रति घंटे की गति से हवाई अड्डे की ओर आ रही थी, तभी पोटोमैक नदी के ऊपर इसकी ऊंचाई तेजी से कम हो गई। कनाडा में 2004 में निर्मित निर्मित बॉम्बार्डियर सीआरजे-701 ट्विन-इंजन जेट, 70 यात्रियों को ले जाने में सक्षम है। विमान के उतरने से कुछ मिनट पहले हवाई यातायात नियंत्रकों ने उससे पूछा कि क्या वह रीगन हवाई अड्डे के अपेक्षाकृत छोटे रनवे 33 पर उतर सकता है जिसके बाद विमान चालकों ने कहा कि वे ऐसा कर सकते हैं। इसके बाद नियंत्रकों ने विमान को रनवे 33 पर उतरने की अनुमति दे दी। उड़ानों पर नजर रखने वाली साइट के अनुसार, विमान ने नए रनवे पर जाने के लिए अपना मार्ग बदला। दुर्घटना से 30 सेकंड से भी कम समय पहले एक हवाई यातायात नियंत्रक ने हेलीकॉप्टर से पूछा कि क्या उसे विमान आता दिखाई दे रहा है। नियंत्रक ने कुछ ही क्षणों बाद हेलीकॉप्टर को एक और रेडियो कॉल करके कहा, पीएटी 25, सीआरजे के पीछे से गुजरे। उसके कुछ सेकंड बाद दोनों विमान टकरा गए। विमान के रेडियो ट्रांसपोंडर ने रनवे से करीब 2,400 फुट पहले प्रसारण बंद कर दिया। अमेरिकन एयरलाइंस के सीईओ रॉबर्ट इसोम ने दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और कहा कि कंपनी यात्रियों, चालक दल, प्रथम प्रतिक्रियादाताओं और दुर्घटना में शामिल लोगों के परिवारों और प्रियजनों की जरूरतों पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

**टॉकहोम में न्यायाधीश ने दी जानकारी**

## स्वीडन में कुरान जलाने के कई मामलों में शामिल इराकी व्यक्ति की हत्या

» स्टॉकहोम, भाषा।

**स्वीडन में कुरान जलाने के कई मामलों में शामिल रहे इराकी मूल के व्यक्ति की मौत हो गई है। स्टॉकहोम में एक न्यायाधीश ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। स्वीडिश मीडिया के मुताबिक उक्त व्यक्ति की स्टॉकहोम के नजदीकी शहर में हुई गोलीबारी में मौत हुई। सलवान मोमिका (38) ने 2023 में स्वीडन में इस्लाम की पवित्र किताब को जलाने और अपवित्र करने की कई घटनाओं को अंजाम दिया था। कुरान को जलाने का वीडियो प्रसारित होने के बाद कई मुस्लिम देशों में आक्रोश और आलोचना देखने को मिला और कई जगहों पर दंगे और अशांति की घटनाएं सामने आईं। स्टॉकहोम जिला अदालत ने कहा कि मोमिक नामक एक आरोपी के मुकदमे में बृहस्पतिवार को आने वाला फैसला स्थगित कर दिया गया है क्योंकि एक आरोपी की मृत्यु हो गई है।**

न्यायाधीश गोरान लुंडाहल ने पुष्टि की कि मृतक मोमिक ही है। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि मोमिक की मौत कब और कैसे हुई। पुलिस ने बताया कि उन्हें स्टॉकहोम के पास सोडरटालजे में बुधवार रात गोलीबारी की सूचना मिली थी, जिसमें एक



व्यक्ति गोली लगने से घायल हो गया था, बाद में उसकी मौत हो गई और हत्या की प्रारंभिक जांच शुरू कर दी गई है। प्रसारक एसवीटी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि पीड़िता मोमिक ही था। इसने कहा कि मोमिक 2018 में इराक से स्वीडन आया था और उसे 2021 में तीन साल का निवास परमिट दिया गया था।अभियोजक रासमस ओमान ने स्वीडिश समाचार एजेंसी टीटी को बताया कि इस मामले में कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने इस बारे में विस्तार से कुछ नहीं बताया। मोमिक ने दलील दी थी कि उसका विरोध मुस्लिमों के प्रति नहीं है बल्कि इस्लाम से है। उसने तर्क दिया कि वह स्वीडन की जनता को कुरान के संदेशों से बचाना चाहते हैं।

## पाकिस्तान में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में मेजर समेत दो सुरक्षाकर्मी मारे गए

**पेशावर।** पाकिस्तान सेना ने बृहस्पतिवार को बताया कि अफगानिस्तान की सीमा से सटे देश के उत्तर-पश्चिम इलाके में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में मेजर समेत दो सुरक्षाकर्मी मारे गए। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने बताया कि यह मुठभेड़ 29 जनवरी की रात को सुरक्षा बलों द्वारा खुफिया जानकारी के आधार पर शुरू किए गए अभियान के दौरान हुई। सेना ने बताया कि अभियान के दौरान पाकिस्तानी सैनिकों ने छह आतंकवादियों को मार गिराया। मुठभेड़ में मारे गए सुरक्षाकर्मियों की पहचान रावलपिंडी के 29 वर्षीय मेजर हमजा इसरार और नसीराबाद के 26 वर्षीय सिपाही मुहम्मद नईम के रूप में हुई है। इसरार इस अभियान में सैनिकों की टुकड़ी की अगुवाई कर रहे थे। सेना ने बताया कि मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने बचे हुए आतंकवादियों को खत्म करने के लिए इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया।

## पारदर्शिता, अच्छे अधिकारियों को सशक्त बनाना हैं एफबीआई की प्राथमिकताएं : काश पटेल

» वाशिंगटन, भाषा।

**संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के निदेशक पद के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा नामित काश पटेल ने कहा है कि जांच एजेंसी के संदर्भ में उनके दो लक्ष्य हैं- पारदर्शिता लाना और अच्छे पुलिसकर्मियों को पद पर बनाए रखना। यदि एफबीआई निदेशक के तौर पर पटेल (44) के नाम पर मुहर लग जाती है तो वह इस पद पर आसीन होने वाले पहले भारतीय-अमेरिकी होंगे। इस पद पर उनकी नियुक्ति की पुष्टि के लिए वह बृहस्पतिवार को सीनेट न्यायपालिका समिति के समक्ष उपस्थित होंगे। पटेल ने प्रतिष्ठित वॉल स्ट्रीट जर्नल में बुधवार को एक लेख में लिखा, मेरा मानना है कि एफबीआई में जनता का विश्वास फिर से बनाने के लिए दो बुनियादी कदम आवश्यक हैं। उन्होंने लिखा, सबसे पहली प्राथमिकता यह है कि अच्छे पुलिसकर्मियों को पुलिसकर्मी ही रहने दें।**

नेतृत्व का मतलब है कि अपराधियों को पकड़ने और हमारे नागरिकों की सुरक्षा करने के मिशन में एजेंटों का समर्थन करना। अगर मेरी नियुक्ति हो जाती है, तो मैं



मुख्यालय में संचालन को सुव्यवस्थित करने पर ध्यान केंद्रित करूंगा और पूरे देश में फील्ड एजेंट की मौजूदगी को मजबूत करूंगा। उन्होंने कहा, स्थानीय कानून प्रवर्तन के साथ सहयोग एफबीआई के मिशन को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने लिखा, दूसरी प्राथमिकता पारदर्शिता है। पटेल ने अपनी भारतीय-अमेरिकी जड़ों का जिक्र करते हुए कहा कि वह न केवल अपने माता-पिता के सपनों को पूरा करना चाहते हैं बल्कि उन लाखों अमेरिकियों की उम्मीदों को भी पूरा करना चाहते हैं जो न्याय, निष्पक्षता और कानून के शासन के लिए खड़े हैं।

## मर्केल ने धुर दक्षिणपंथी समर्थन वाले प्रवासन वोट को लेकर अपनी पार्टी के नेता की आलोचना की



**बर्लिन।** जर्मनी की पूर्व चांसलर एंजेला मर्केल ने बृहस्पतिवार को देश के मध्य-दक्षिणपंथी नेता के रूप में अपने उत्तराधिकारी फ्रेडरिक मर्ज की सार्वजनिक रूप से आलोचना की, जो अगले महीने जर्मनी में होने वाले चुनाव में सबसे आगे हैं। मर्ज ने नए कठोर प्रवासन नियमों के लिए संसद में प्रस्ताव रखा था, जिसे एक धुर दक्षिणपंथी पार्टी की मदद से पारित किया गया था। जर्मनी की मध्य-वाम सत्तारूढ़ दलों ने इस बात पर संदेह जताया है कि क्या रूढ़िवादी नेता मर्ज पर अब भी भरोसा किया जा सकता है कि वह बुधवार के घटनामों के बाद धुर-दक्षिणपंथी अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी या एएफडी को सत्ता में नहीं लाएंगे। पिछले सप्ताह, एक शरणार्थी द्वारा चाकू से जानलेवा हमले के बाद अनियमित प्रवासन को कम करने के लिए अपने मध्य-दक्षिणपंथी यूनियन गठबंधन की प्रतिबद्धता को रेखांकित करने के लिए दृढ़ संकल्पित मर्ज ने प्रवासियों को वापस भेजने के लिए एक गैर-बाध्यकारी प्रस्ताव रखा, जो दक्षिणपंथी पार्टी के समर्थन के कारण तीन मतों के अंतर से पारित हुआ। सर्वेक्षणों से पता चलता है कि मर्ज की मुख्यधारा की मध्य-दक्षिणपंथी यूनियन लगभग 30 प्रतिशत समर्थन के साथ आगे चल रही है, जबकि अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी लगभग 20 प्रतिशत समर्थन के साथ दूसरे स्थान पर है, तथा चांसलर ओलाफ शोल्ज की वामपंथी सोशल डेमोक्रेट्स और उनके गठबंधन सहयोगी ग्रीन्स और भी पीछे हैं।

## रूस ने ड्रोन से यूक्रेन की इमारत को निशाना बनाया, चार लोगों की मौत

**कीव।** रूस ने बुधवार की रात ड्रोन से उत्तर-पूर्वी यूक्रेन में एक इमारत को निशाना बनाया जिससे चार लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सुमी शहर के क्षेत्रीय प्रशासन ने बताया कि रात करीब एक बजे शाहिद ड्रोन से नगर की एक इमारत को निशाना बनाया गया। इस हमले में घायल हुए लोगों में एक बच्चा भी शामिल है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इसे एक भयानक त्रासदी और रूस द्वारा किया गया भयावह अपराध करार दिया। अगले महीने रूस-यूक्रेन युद्ध के तीन साल पूरे हो जाएंगे और अभी तक इसके समाप्त होने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक इस युद्ध में यूक्रेन के 10,000 से अधिक आम नागरिक मारे गए हैं। यूक्रेन की वायुसेना के मुताबिक रूस ने रात में 80 से अधिक ड्रोन हमले किए जिनमें से अधिकतर को नाकाम कर दिया गया। यूक्रेन के दक्षिणी ओडेसा क्षेत्र के प्रमुख ओलेह किपर ने सोशल मीडिया मंच टेलीग्राम पर दावा किया कि रूसी ड्रोनों ने एक अस्पताल और दो रिहायशी इमारतों को क्षतिग्रस्त कर दिया, लेकिन इन हमलों में कोई हताहत नहीं हुआ। अधिकारियों ने बताया कि मध्य यूक्रेन के पोल्तावा क्षेत्र में, शाहिद ड्रोन द्वारा एक ढांचे को नष्ट कर दिए जाने के बाद आपातकालीन सेवाओं ने चार लोगों को मलबे के नीचे से निकाला।

**न्यूज ब्रीफ**

## दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति जुमा की बेटी आतंकवाद के आरोप में गिरफ्तार

» जोहानिसबर्ग, भाषा।



**दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा की बेटी को आतंकवाद के आरोप में गिरफ्तार किया गया है और उन्हें बृहस्पतिवार को अदालत में पेश किए जाने की उम्मीद है।जुमा की बेटी डुडुजिले जुमा-संबुदला संसद सदस्य भी हैं और उनपर जुलाई 2021 में दंगों के दौरान हिंसा भडक़ाने का आरोप है। जुलाई 2021 में हुए दंगों में 350 से ज्यादा लोग मारे गए थे। पुलिस ने बताया कि डुडुजिले ने बृहस्पतिवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। वह आतंकवाद एवं संबंधित गतिविधियों से जुड़े अधिनियम तथा हिंसा भडक़ाने के आरोपों का सामना कर रही हैं। पुलिस प्रवक्ता ब्रिगेडियर थांडी म्बांबो ने बताया, यह गिरफ्तारी डरबन पुलिस की अपराध शाखा द्वारा गंभीर संगठित अपराध की गई सावधानीपूर्वक जांच का परिणाम है, जो 2021 में देश में हुई हिंसा के बाद शुरू की गई थी।**

डुडुजिले के राजनीतिक दल ने इस बात की पुष्टि की है कि उन्हें बृहस्पतिवार को अदालत में पेश किया जाएगा। डुडुजिले के खिलाफ मामला एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक किए गए एक पोस्ट पर आधारित है। डुडुजिले ने उनके पिता को जेल भेजे जाने के बाद यह पोस्ट किया था और उसमें प्रदर्शनकारियों से देशव्यापी प्रदर्शन के दौरान कथित तौर पर अधिक नुकसान पहुंचाने की अपील की थी। भ्रष्टाचार की जांच के मामले में गवाही देने के लिए अदालत के आदेश की अवहेलना करने को लेकर पूर्व राष्ट्रपति जुमा को जेल ले जाया गया था, जिसके बाद, गुस्साई भीड़ ने दुकानों में लूटपाट और आगजनी की तथा संपत्ति को नुकसान पहुंचाया था। मामले में 5,000 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

## अमेरिका : व्हाइट हाउस ने संघीय खर्च पर रोक लगाने संबंधी ज्ञापन वापस लिया



» वाशिंगटन, भाषा।

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बजट कार्यालय ने बुधवार को संघीय ऋण और अनुदान खर्च पर रोक लगाने वाले ज्ञापन को वापस ले लिया। इस ज्ञापन के कारण देश भर में दो दिन के अंदर ही भ्रम की स्थितियां पैदा हो गईं थीं। प्रबंधन एवं बजट कार्यालय द्वारा सोमवार को जारी किए गए इस ज्ञापन ने उन प्रांतों, स्कूलों और संगठनों को चिंतित कर दिया जो वाशिंगटन से मिलने वाले खरबों डॉलर पर निर्भर हैं। प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि ऋण और अनुदान को रोकने का निर्णय यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक था कि खर्च ट्रंप के हालिया कार्यकारी आदेशों के अनुरूप हो रहे हैं, जिसमें जलवायु परिवर्तन और विविधता, समानता एवं समावेशन कार्यक्रमों जैसे मुद्दे शामिल हैं।**

लेकिन बुधवार को उन्होंने मूल ज्ञापन को रद्द करते हुए दो वाक्यों का नोटिस भेजा। प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि भ्रम के बावजूद, ज्ञापन का अपेक्षित प्रभाव पड़ा है, क्योंकि इससे यह स्पष्ट हो गया है कि संघीय एजेंसियों पर ट्रंप के कार्यकारी आदेशों का पालन करने का दायित्व है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा, वित्त पोषण समीक्षा को लेकर राष्ट्रपति द्वारा जारी कार्यकारी आदेश पूरी तरह लागू रहेंगे और सभी एजेंसियों एवं विभागों को सख्ती से उनका पालन करना होगा। उन्होंने इस भ्रम के लिए प्रशासन को नहीं, बल्कि अदालतों और समाचार संस्थानों को जिम्मेदार ठहराया।

### ट्रंप ने अप्रवासी हिरासत कानून पर किए हस्ताक्षर



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अवैध अप्रवासियों की सुनवाई-पूर्व हिरासत की अनुमति देने वाले अपने पहले कानून पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। यह कानून चोरी, सेंधमारी जैसे अपराधों में आरोपित अवैध अप्रवासियों को सुनवाई से पहले हिरासत में रखने का अधिकार देता है। लेकेन राइली एक्ट को पहले अमेरिकी संसद के दोनों सदन हाउस और सीनेट में द्विदलीय समर्थन मिला था। ट्रंप ने 20 जनवरी को कार्यभार संभालने के बाद पहले विधेयक के तौर पर इस पर हस्ताक्षर किए हैं। ट्रंप ने कहा इस कानून के तहत, गृह सुरक्षा विभाग को उन सभी अवैध अप्रवासियों को हिरासत में लेने का अधिकार होगा जो चोरी, सेंधमारी, डकैती, पुलिस अधिकारी पर हमला, हत्या या गंभीर चोट से जुड़े अपराधों के लिए गिरफ्तार किए गए हैं।यह कानून जॉर्जिया की 22 वर्षीय नर्सिंग छात्रा लेकेन राइली के नाम पर रखा गया है। छात्रा की वेनेजुएला के एक अवैध अप्रवासी ने हत्या कर दी थी। ट्रंप ने इसे ऐतिहासिक कानून करार दिया। डेमोक्रेटिक पार्टी से सांसद डिक डर्बिन ने इस कानून की आलोचना करते हुए कहा कि यह संघीय सरकार की शक्तियों को कमजोर करता है और संविधान द्वारा निर्धारित आप्रवासन नीतियों के खिलाफ है। सीनेट में यह विधेयक 35 के मुकाबले 64 वोट से पारित हुआ, जबकि हाउस में इसे 156 के मुकाबले 263 मतों से मंजूरी मिली।

### ट्रंप ने ग्वांतानामो बे में 30,000 लोगों की क्षमता वाला प्रवासी हिरासत केंद्र बनाने का आदेश दिया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उच्च प्राथमिकता वाले अपराधी विदेशियों को हिरासत में रखने के लिए ग्वांतानामो बे में 30,000 लोगों की क्षमता वाला केंद्र स्थापित करने के संबंध में एक ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। ग्वांतानामो बे हिरासत केंद्र का इस्तेमाल अब तक आतंकवादियों को रखने के लिए किया जाता रहा है, लेकिन अब इसमें आपराधिक रिकॉर्ड वाले अवैध प्रवासियों को भी रखा जाएगा। इस समझौते पर बुधवार को हस्ताक्षर किए गए। ट्रंप ने रक्षा विभाग और गृह सुरक्षा विभाग को यह केंद्र तैयार करने का निर्देश दिया। ज्ञापन के अनुसार, ट्रंप ने उच्च प्राथमिकता वाले अपराधी विदेशियों को समायोजित करने और संबंधित प्रवर्तन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नौसेना स्टेशन ग्वांतानामो बे में प्रवासी संचालन केंद्र के विस्तार का आदेश दिया। ट्रंप ने अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस के एक कार्यक्रम में कहा, अधिकतर लोगों को इसके बारे में पता भी नहीं है। हमारे पास ग्वांतानामो में 30,000 बिस्तर हैं, जहां हम अमेरिकी लोगों को खतरा पहुंचाने वाले सबसे खतरनाक अपराधी अवैध विदेशियों को हिरासत में रख सकते हैं। उन्होंने कहा, उनमें से कुछ इतने खतरनाक हैं कि हमें इस बात का भरोसा नहीं है कि उनके देश उन्हें हिरासत में रख पाएंगे। हम नहीं चाहते कि वे वापस आएं इसलिए हम उन्हें ग्वांतानामो भेज रहे हैं।

## ताइवान में 5.6 तीव्रता का भूकंप

» ताइपे, भाषा।

**ताइवान में बृहस्पतिवार सुबह 5.6 तीव्रता का भूकंप आया और इसके बाद भूकंप के कम से कम 12 अन्य मामूली झटके महसूस किए गए। केंद्रीय मौसम एजेंसी और अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, ताइवान में भूकंप के कई झटके महसूस किए गए लेकिन सबसे जोरदार 5.6 तीव्रता का भूकंप पूर्वाह्न 10 बजकर 11 मिनट पर चियाई काउंटी के दापू कस्बे में 10 किलोमीटर की गहराई पर आया। इस भूकंप का केंद्र राजधानी ताइपे से लगभग 250 किलोमीटर (155 मील) दक्षिण में था। इस भूकंप के कारण ताइपे में इमारतें हिल गईं। इसके कुछ ही देर बाद दापू में भूकंप के कम से कम 12 मामूली झटके आए।**

इस दौरान जान-माल का नुकसान होने की फिलहाल कोई सूचना नहीं मिली है। ये 21 जनवरी को दापू में आए 6.4 तीव्रता के भूकंप के बाद के झटके थे। दापू में 21 जनवरी को आए भूकंप में 15 लोगों को मामूली चोटें आई थीं और इमारतों एवं एक राजमार्ग पुल को नुकसान पहुंचा था। पिछले साल अप्रैल में द्वीप के पर्वतीय क्षेत्र वाले पूर्वी तट हुआलियन में 7.4 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसके कारण कम से कम 13 लोग मारे गए थे।

**मंगोलिया ने पिछले साल पुतिन की राजकीय यात्रा के दौरान उनका भव्य स्वागत किया था**

## अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में मुकदमों की गति अत्यधिक धीमी पुतिन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट लंबित

» हेग(नीदरलैंड), भाषा।

**अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) द्वारा कांगो के सैन्य कमांडर थॉमस लुबांगा को बाल सैनिकों की भर्ती के लिए 2012 में 14 साल जेल की सजा सुनाए जाने के बाद से इसने विभिन्न मामलों में केवल 11 लोगों को दोषी करार दिया है और तीन फैसले लंबित हैं। आईसीसी ने दर्जनों गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं, जिनमें इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के नाम शामिल हैं। लेकिन अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के समक्ष कई चुनौतियां हैं। इंटरनेशनल फेडरेशन फॉर ह्यूमन राइट्स के डान्य चैकेल ने कहा, मुकदमों की सुनवाई नहीं हो पाने से न्यायालय की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है।**

आईसीसी का काम अंतरराष्ट्रीय अपराधों के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ जांच करना और उनपर मुकदमा चलाना है। मौजूदा अभियोजक एवं ब्रिटिश वकील करीम खान ने 24 गिरफ्तारी वारंट





के लिए अनुरोध किया है। लेकिन कई संदिग्ध (पुतिन जैसे) अदालत के कठघरे से शायद दूर रहेंगे। न तो रूस, ना ही इजराइल अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के सदस्य हैं तथा वे इसके अधिकार क्षेत्र को भी स्वीकार नहीं करते। न्यायालय के 125 सदस्य देशों में से कई देश, राजनीतिक कारणों से संदिग्धों को गिरफ्तार करने के लिए तैयार नहीं हैं। मंगोलिया ने पिछले साल पुतिन की राजकीय यात्रा के दौरान उनका भव्य स्वागत किया था और उनकी गिरफ्तारी के वारंट को नजरअंदाज कर दिया था।

दक्षिण अफ्रीका और केन्या ने सूडान के पूर्व राष्ट्रपति उमर अल-बशीर को गिरफ्तार करने से इनकार कर दिया था। उमर (81) को 2019 में तख्तापलट के जरिए सत्ता से बेदखल कर दिया गया था, लेकिन सूडान के अधिकारियों ने उन्हें आईसीसी को सौंपने से इनकार कर दिया। इटली का दावा है कि लीबिया के सरदार ओसामा अंजीम के लिए आईसीसी वारंट में प्रक्रियागत त्रुटियां थीं। रोम की अपीलीय अदालत के आदेश के तहत उसे इस महीने रिहा कर दिया गया। इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने संवाददाताओं से कहा, यह सरकार का फैसला नहीं था। लेकिन इटली, जो आईसीसी का संस्थापक सदस्य है, के पास वारंट को निष्पादित न करने के अपने कारण हो सकते हैं। इस बीच, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल के पहले दिन ही न्यायालय के कर्मचारियों को प्रतिबंधित करने वाले अपने पिछले कार्यकाल के शासकीय आदेश को बहाल कर दिया। वहीं, एक और अधिक नुकसानदेह कानून, जो न्यायालय को एक संस्था के रूप में प्रतिबंधित करेगा, कांग्रेस (अमेरिकी संसद) के एक सदन से पारित हो चुका है, लेकिन डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों के विरोध के कारण अभी सीनेट में अटका हुआ है। पिछले हफ्ते कुछ घंटों के लिए ऐसा लग रहा था कि आईसीसी लीबिया के एक सरदार को हिरासत में लेने के लिए तैयार है। लेकिन इसके बजाय, इटली ने हिरासत केंद्रों के कुख्यात नेटवर्क के सरगना को वापस घर भेज दिया।

## अमेरिका : राष्ट्रीय खुफिया निदेशक पद के लिए ट्रंप की पसंद तुलसी गबार्ड की संसद में होगी परीक्षा

» वाशिंगटन, भाषा।

**राष्ट्रीय खुफिया निदेशक पद के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पसंद तुलसी गबार्ड को रूस के बारे में अतीत में की गईं अपनी टिप्पणियों और सीरिया के अपदस्थ हो चुके राष्ट्रपति बशर अल-असद से 2017 में हुई मुलाकात को लेकर बृहस्पतिवार को सांसदों के कड़े सवालों का सामना करना पड़ सकता है। गबार्ड की नियुक्ति की पुष्टि के लिए अमेरिकी संसद के उच्च सदन सीनेट की खुफिया मामलों की समिति उनसे पूछताछ करेगी। इस पूछताछ से तय होगा कि वह पद के लिए योग्य हैं या नहीं। हवाई से डेमोक्रेटिक पार्टी की सांसद रहीं गबार्ड नेशनल गार्ड में लेफ्टिनेंट कर्नल हैं और दो बार मध्य एशिया में तैनात रह चुकी हैं। वर्ष 2020 में उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव लडऩे के लिए अपनी दावेदारी पेश की थी। गबार्ड के अतीत के बयान उनकी नियुक्ति की पुष्टि में आड़े आ सकते हैं।**

गबार्ड यूक्रेन पर रूस के आक्रमण को जायज ठहराने संबंधी रूसी दुष्प्रचार का कई बार समर्थन कर चुकी हैं और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को भ्रष्ट तानाशाह बताकर उनकी आलोचना कर चुकी हैं। रिपब्लिकन पार्टी



के सांसदों ने उन पर रूसी दुष्प्रचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। रूस का सरकारी मीडिया भी एक बार गबार्ड की तारीफ चुका है। साल 2017 में उन्होंने सीरिया जाकर तत्कालीन राष्ट्रपति बशर अल-असद से मुलाकात करके विवाद खड़ा कर दिया था। असद को एक क्रूर गृहयुद्ध के बाद हाल ही में राष्ट्रपति पद छोडक़र देश से जाना पड़ा था। सीरिया यात्रा के बाद गबार्ड पर तानाशाह (असद) को वैधता देने का आरोप लगा। हालांकि गबार्ड ने कहा था कि उन्हें इस बात पर संदेह है कि असद ने गृहयुद्ध के रासायनिक हथियारों का इस्तेमाल किया था। इस बयान को लेकर उन्हें और आलोचना का सामना करना पड़ा।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,